नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 135 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 18 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर

कांग्रेस की सरकार बनने पर युवा, महिला, किसान होंगे आत्म निर्भर--विकास उपाध्याय



पेज -8 पर

बनोरा में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के जरिए 102 मरीजों को मिला लाभ




श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुडे़केला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर


### 11 सीट पर जनता कमल खिलाएगी -सीएम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की सभी 11 संसदीय क्षेत्रों में भाजपा की जीत का भरोसा जताया और कहा कि केंद्र सरकार के कल्याणकारी कामों को देखकर मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सत्ता में लाएंगे और भारत को विश्व गुरु (विश्व नेता) बनाएंगे। साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। समूचा भारत, लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उत्साहित है। बीते दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल और मजबूत नेतृत्व में सबका साथ- सबका विकास के ध्येय को फलीभूत करते हुए देश ने अभूतपूर्व प्रगति की। श्री मोदी के नेतृत्व में गांव और गरीब सबका कल्याण हुआ है।

## महादेव सट्टा केस में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम पर एफआईआर

### 7 धाराओं में एफआईआर दर्ज



**रायपुर।** बहुचर्चित महादेव एप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं लोकसभा चुनाव से पहले ये मामला कांग्रेस नेता के लिए कई समस्याएं पैदा कर सकता है। पूर्व सीएम बघेल पर पुलिस के एफआईआर में आईपीसी के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 11 के तहत आरोप लगाया गया हैं। इस एफआईआर में भूपेश बघेल के अलावा महादेव ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 16 अन्य लोगों का नाम शामिल है। बता दें कि, इसी साल 8 और 30 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा राज्य पुलिस को दो रिपोर्ट भेजे जाने के बाद बघेल के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। दरअसल, ईडी के रिपोर्ट में कहा गया है कि धन संरक्षण के बदले महादेव ऐप की अवैध गतिविधियों को अनुमति देने के लिए राज्य सरकार के शीर्ष स्तर के पदाधिकारियों की संलिप्तता का खुलासा करता है। गौरतलब है कि, पिछले साल नवंबर में वित्तीय अपराध जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि चंद्राकर और उप्पल ने बघेल को 508 करोड़ की रिश्वत दी थी।वर्तमान में दोनों संयुक्त अरब अमीरात की देखरेख में हिरासत में हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के माध्यम से उनके प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध पहले ही संयुक्त अरब अमीरात भेजा जा चुका है।

### हवाला के जरिए दी जाती थी प्रोटेक्शन मनी

ED का आरोप है कि महादेव बुक के ऑपरेटरों के जरिए हवाला से पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और राजनेताओं तक प्रोटेक्शन मनी पहुंचाई जाती थी। इन अफसरों और नेताओं ने अपने पद का

### भूपेश बोले- राजनीतिक साजिश

दुरुपयोग करते हुए प्रमोटर्स से आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की। ED ने कई अचल संपत्तियों को प्रोविजनल अटैच किया है।

### इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज

EOW में इन सभी आरोपियों पर 4 मार्च को आपराधिक षड्यंत्र रचने, धोखाधड़ी में धारा 120 बी, 34, 406, 420, 467, 468 471 धारा 7, 11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्रष्टाचार निरोधक (संशोधन) अधिनियम 2018 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पेट्रोल डलवाते वक्त पाइप फटा,मची भगदड़



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पेट्रोल पंप पर बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां पेट्रोल डलवाते वक्त पाइप फट गया, जिससे पाइप से पेट्रोल तेजी से लीक होने लगा। इसी दौरान पंप पर गाड़ी में पेट्रोल डलवा रहा युवक पेट्रोल से भीग गया। वहीं गनीमत रही कि कोई घटना नहीं घटी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पंप पर चारों ओर पेट्रोल फैल गया। वहीं पंप पर पाइप फटने से पेट्रोल डलवाने आए लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं पेट्रोल से भीगे शख्स ने पंप की इस लापरवाही का वीडियो बना लिया, जो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित एम/एस पाली फ्यूल्स का बताया जा रहा है।

## राजधानी का क्वींस क्लब फिर किया गया सील




**रायपुर** ।विवादों में रहे क्वींस क्लब को फिर से सील कर दिया गया है। गृह निर्माण मंडल द्वारा यह कार्रवाई की गई है। मंडल के अधिकारियों ने बताया कि उत्पाद शुल्क नहीं भरने के कारण यह कार्रवाई की गई है।

बता दें कि क्वींस क्लब, हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर संचालित है और प्रशासन को बिना बताए नाम बदलकर क्लब का संचालन किया जा रहा था। लॉकडाउन के समय से ही विवादों में रहे क्वींस क्लब में दो बार फायरिंग हो चुकी है। क्लब को सील करने के पहले हाउसिंग बोर्ड द्वारा नोटिस भी जारी किये गए, मगर वर्तमान क्लब संचालक द्वारा किसी भी नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद सीलिंग की कार्रवाई की गई।

## छत्तीसगढ़ में मंत्री-विधायकों से वापस ली जाएंगी गाड़ियां, सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल

रायपुर. लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव के चलते जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है। रायपुर कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों की छुट्टी पर बैन लगा दिया है।




कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने आदेश जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव तक कोई भी अधिकारी और कर्मचारी छुट्टी नहीं ले सकेंगे और वे मुख्यालय छोड़कर भी नहीं जा सकते। आचार संहिता लगने से पहले कई अधिकारियों ने छुट्टी के लिए आवेदन किया था। कुछ अधिकारी जो छुट्टी पर थे, उन्हें भी वापस लौट कर आने को कहा गया है। आचार संहिता लागू होने पर नेताओं से गाड़ी वापस लेने के निर्देश आचार संहिता लागू होने के बाद कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों को आवंटित वाहन वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। चुनाव की तारीख ऐलान के दिन से चुनाव रिजल्ट आने तक सभी नेता और जनप्रतिनिधियों की गाड़ियां वापस ली जाएंगी।

### जिले में धारा 144 लागू

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। अस्त्र-शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरी, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशूल जैसे शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। केवल जिन सरकारी कर्मचारियों को वेपन रखना है, वही ड्यूटी के दौरान इसे रख सकेंगे।

### इन्हें दी गई छूट

कलेक्टर ने कहा कि यह आदेश उन लोगों पर भी लागू नहीं होगा, जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था और दिव्यांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते हैं। धार्मिक आस्था के आधार पर धारित अस्त्र-शस्त्र पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। रायपुर जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, ना ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा। धरना देने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रायपुर सेंट्रल जेल के 113 कैदी बने स्टूडेंट, दी परीक्षा



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सेंट्रल जेल में रविवार को कैदियों ने परीक्षा दिलाई। इस परीक्षा में कैदियों से फिल इन द ब्लेंक और नंबर मैचिंग जैसे सवाल पूछे गए है। शिक्षा महाअभियान के तहत परीक्षा का आयोजन राज्य साक्षरता मिशन और जिला साक्षरता मिशन ने किया। इसमें जेल के 113 बंदी परीक्षार्थी के रूप में शामिल हुए। कैदियों में सौ फीसदी साक्षरता लाने के लिए उनकी परीक्षा ली गई। इस आयोजन का लक्ष्य था कि कोई भी कैदी इतना साक्षर हो जाए कि वह शब्दों को और अंकों को पहचान सके। इसकी मदद से जीवन में वो समाज में वापस जाने के बाद कुछ बेहतर कर पाए। साक्षरता कार्यक्रम के तहत यह परीक्षा जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य के मार्गदर्शन में हुई। दरअसल, जेल में कैदियों को साल भर बेसिक अंक और शब्द को पहचान जैसी पढ़ाई कराई जाती है। ये स्टडी जेल में मौजूद टीचर अपने स्टाफ और बाकी पढ़े-लिखे कैदियों के साथ मिलकर करते हैं। इसी पढ़ाई को लेकर कैदियों की परीक्षा ली गई। इस परीक्षा का रिजल्ट कुछ समय बाद उन्हें बताए जाएगा। इसके अलावा परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने वालों का सम्मान भी किया जाएगा। जिससे दूसरे कैदी भी मोटिवेट हो सके।

इस परीक्षा के दौरान एनसीआरटी दिल्ली से ज्योति तिवारी, NSCL सलाहकार, डॉ. विजय खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के नोडल अधिकारी प्रशांत पांडे, लोकेश वर्मा, नरेश नेताम के अलावा अन्य अधिकारी और टीम के मेंबर मौजूद रहे। इस दौरान एक्सपर्ट ने कैदियों को उल्लास कार्यक्रम के तहत साक्षरता शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डिप्टी जेल अधीक्षक MN प्रधान और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस को लगा तगड़ा झटका

## 1200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा बीजेपी का दामन



**कोरबा।** जिले के पाली तानाखार विधानसभा के दिग्गज कांग्रेस नेताओं के साथ लगभग 1200 से अधिक की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कर लिया है.

प्रमुख रूप से कांग्रेस के पाली नगर पंचायत अध्यक्ष, पाली के कद्दावर कांग्रेस के जिला महामंत्री शैलेश सिंह ठाकुर ने बीजेपी की सदस्यता ली. बता दें कि कोरबा लोकसभा बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और धरमलाल कौशिक के कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने सभी को भगवा गमछा पहनाकर भाजपा पार्टी में स्वागत किया. कोरबा लोकसभा संयोजक धरमलाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में भगदड़ मच गई है. अब उन्हें लगने लगा है कि उनकी नाव डूबने जा रही है, इसलिए कांग्रेस की जहाज में कोई बैठना नहीं चाहता. सरोज पांडे ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर बीजेपी में प्रवेश किए हैं, हमारा परिवार बड़ा हुआ. हम सभी मिलकर क्षेत्र के विकास की शुरुआत करेंगे.

## छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए बनाए जाएंगे 24229 मतदान केंद्र, 2 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे मतों का प्रयोग

### लोकसभा चुनाव 2024 - राजनीतिक दलों के लिए ये हैं नियम




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में होने वाले चुनाव को लेकर आज राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 3 चरणों में मतदान होंगे. पहले चरण में 19 अप्रैल को बस्तर में चुनाव होगा. दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर, महासमुंद और राजनादगांव में मतदान होगा. वहीं तीसरे और अंतिम चरण में 7 मई को रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा और दुर्ग में चुनाव होंगे. लोकतंत्र के इस पर्व में प्रदेश के 2 करोड़ 5 लाख 13 हजार 252 मतदाता मतदान करेंगे. मतदान के लिए प्रदेश में कुल 24109 केंद्र बनाए जाएंगे. इसके साथ ही 120 सहायक मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. 900 से अधिक संगवारी केंद्र और 450 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. सभी मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों और दिव्यांग जनों के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी. बुजुर्गों और दिव्यांग जनों के लिए डाक मतदान पत्र की सुविधा भी होगी।

रायपुर। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में होने वाले चुनाव को लेकर आज राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 3 चरणों में मतदान होंगे. पहले चरण में 19 अप्रैल को बस्तर में चुनाव होगा. दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर, महासमुंद और राजनादगांव में मतदान होगा. वहीं तीसरे और अंतिम चरण में 7 मई को रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा और दुर्ग में चुनाव होंगे. लोकतंत्र के इस पर्व में प्रदेश के 2 करोड़ 5 लाख 13 हजार 252 मतदाता मतदान करेंगे. मतदान के लिए प्रदेश में कुल 24109 केंद्र बनाए जाएंगे. इसके साथ ही 120 सहायक मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. 900 से अधिक संगवारी केंद्र और 450 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. सभी मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों और दिव्यांग जनों के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी. बुजुर्गों और दिव्यांग जनों के लिए डाक मतदान पत्र की सुविधा भी होगी.

*शैक्षणिक संस्था अस्पतालों के भवनों में चुनाव संचालन पर रोक रहेगा. सर्वोच्च न्यायालय के नियम के अनुसार रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बैन रहेंगे. किसी अभ्यर्थी का आपराधिक रिकॉर्ड होने पर तीन बार समाचार पत्र और टेलीविजन चैनल पर इसका प्रकाशन करवाना होगा. व्यय लेखन तीन भागों में प्रस्तुत करना होगा. पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा. मतदाता प्रलोभन और लेन देन की शिकायत कर सकते हैं, गोपनीय शिकायत भी की जा सकती है. उसपर संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाएगी.*

# अपनी स्वतंत्रता का चुनाव करें, क्या हम केंद्रीयवाद की तरफ बढ़ रहे हैं

अगर आदर्श रूप से देखें, तो किसी देश की सरकार चुनने के लिए चुनाव, दरअसल एक सामान्य राष्ट्रीय उद्देश्य या उद्देश्यों के लिए लोगों को एकजुट करने के लिए होना चाहिए। लोग ए। लोग भले ही अपने वोट पार्टी ए या फिर बी और या फिर कई पार्टियों में बांट कर दें, लेकिन उद्देश्य समान होना चाहिए। वोटों का यह विभाजन स्वाभाविक और स्वस्थ है और यह कोई स्थायी बिगाड़ पैदा नहीं करेगा। भारत में शुरुआती कुछ चुनाव असंतुलित थे। कांग्रेस अकेला संगठित दल था।



**क्या हम एक कल्पित, डरावनी कहानी को जी रहे हैं? कांग्रेस को लेकर भाजपा की सोच तो स्पष्ट है, लेकिन गैर-कांग्रेसी दलों के साथ वह क्या कर रही है? क्या संसदीय लोकतंत्र को खत्म कर हम केंद्रीयवाद का स्वागत करेंगे? क्या हम इतिहास से सीखेंगे?**

जवाहरलाल नेहरू एक महान नेता थे। उस वक्त कांग्रेस के प्रतिरोध में कुछ ही आवाजे थीं। दो समान ताकत वाले प्रतिद्वंद्वियों के बीच पहला वास्तविक चुनाव 1977 में हुआ। आपातकाल के बाद की परिस्थितियों में जयप्रकाश नारायण विपक्षी दलों को एक छतरी के नीचे लाए। जनता पार्टी की जीत निर्णायक थी, लेकिन इसने भारतीयों को बांट दिया। उत्तरी राज्यों ने एक तरह से, तो दक्षिणी राज्यों ने दूसरी तरह से मतदान किया। उत्तर और दक्षिण का यह विभाजन 1977 से कायम है।

## दुर्भाग्यशाली विभाजन

कुछ अपवादों के साथ बाद के चुनावों में भी उत्तर और दक्षिण के मतदान के तरीकों में फर्क रहा। हिंदी भाषी और हिंदी जानने वाले उत्तरी राज्यों में प्रमुख प्रतिद्वंद्विता कांग्रेस और भाजपा में रही। धीरे-धीरे, लेकिन मजबूती के साथ भाजपा यहां कांग्रेस से आगे निकल गई। लेकिन दक्षिण राज्यों की स्थितियां अलग थीं। 1977 के बाद हुए चुनावों में यहां के क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस को चुनौती दी। तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक, आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम और वाईएसआरसीपी, तेलंगाना में टीआरएस, कर्नाटक में जद (एस) और केरल में कम्युनिस्ट के नेतृत्व वाला एलडीएफ। भाजपा इस भीड़ भरी लड़ाई में घुसपैठ नहीं कर सकी। हालांकि कर्नाटक में उसने ऐसा किया, लेकिन नतीजे मिले-जुले ही रहे। क्षेत्रीय दलों की सफलता ने उत्तर और दक्षिण के बीच दूरियां बढ़ा दी हैं। दरअसल, दक्षिणी राज्यों की क्षेत्रीय पार्टियां भाजपा को लेकर बेहद सशंकित हैं। भाजपा को हिंदी, हिंदू और हिंदुत्व की पार्टी के रूप में चित्रित करने में कांग्रेस से ज्यादा बड़ी भूमिका इन्हीं क्षेत्रीय दलों की रही है। क्षेत्रीय भाषा पर अभिमान, सभी धार्मिक समूहों की स्वीकार्यता और समाज सुधारकों की विरासत ने दक्षिणी राज्यों के लिए एक अलग रास्ता तय किया है। राजस्व के हस्तांतरण में कथित भेदभाव, क्षेत्रीय भाषाओं पर हिंदी का प्रभुत्व और भोजन, वस्त्र, संस्कृति इंत्यादि मामलों में मान्यताओं के एक सेट को बढ़ावा देने से दक्षिणी राज्यों का संशय और गहराता है। इसके अलावा, भाजपा ने राज्यों की स्वायत्तता को कम करने वाले कई कानून बनाकर केंद्र-राज्य संबंधों में %केंद्रवाद% का जहर भी घोला %है। भाजपा ने कानूनों को हथियार बनाकर क्षेत्रीय दलों को कमजोर बनाने और उन पर काबू रखने के लिए खुलेआम उनका इस्तेमाल भी किया है। नतीजा, उत्तर और दक्षिण के बीच की दूरी दुर्भाग्यवश और बढ़ गई है।

## एजेंडा खुल चुका है

कांग्रेस के प्रति भाजपा का दृष्टिकोण तो स्पष्ट है। वह कांग्रेस-मुक्त भारत चाहती है यानी ऐसा भारत जिसमें कांग्रेस का एक पार्टी के तौर पर अस्तित्व ही न हो। लेकिन गैर-कांग्रेसी दलों के प्रति भी उसका रवैया यहीं है। ऐसा महूसस होतां है कि वह कुछ समय के लिए किसी क्ष्ज्ञेत्रीय पार्टी के साथ गठबंधन भले कर ले, लेकिन उसका अंतिम उद्देश्य उस पार्टी को खत्म करना ही है। जनता पार्टी, अकाली दल, आईएनएलडी, बसपा और जद (एस) सभी इसके उदाहरण हैं। इसने देश के उत्तरी-पूर्वी राज्यों की क्षेत्रीय पहचान एकदम खत्म कर दी है। एक समय पर इसने टीएमसी, वाईआरएससीपी और टीआरएस से दोस्ती की थी, लेकिन उसका लक्ष्य क्रमशः पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से उन्हें खत्म करना था और है भी।

महाराष्ट्र, ओडिशा और हरियाणा में भी लक्ष्य एक ही है। द्रमुक और अन्नाद्रमुक समय रहते जाग गए। शिवसेना, एनसीपी %और जजपा देर से जागे। जल्द ही आएलडी, बीजेडी और टीडीपी को एहसास हो जाएगा कि अगर भाजपा केंद्र में मजबूत होती है, तो उनका क्या होगा। भाजपा अपने मूल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए लोगों से पार्टी को 370 सीटें देने के लिए कह रही है। हालांकि इसका हिंदुत्व अभियान अयोध्या और काशी तक सीमित नहीं रहने वाला। हिंदू मंदिरों के पास और मस्जिदों पर विवाद खड़ा किया जाएगा। ज्यादा शहरों और सड़कों का नाम बदला जाएगा। नागरिकता संशोधन कानून, 2019 बीती 11 मार्च, 2024 की अधिसूचना के साथ जारी हुआ है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का जो प्रयोग किया गया, उसे दोहराते हुए संसद में कानून पारित किया जाएगा। संविधान में संशोधन करके एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार को कानून बनाया जाएगा। संघीय मूल्य और संसदीय लोकतंत्र कमजोर होता जाएगा और देश राष्ट्रपतीय शासन प्रणाली के नजदीक पहुंच जाएगा, जिसमें सभी शक्तियां एक ही आदमी में केंद्रित होंगी। दुर्भाग्य से बहुत से लोग केंद्रीयवाद का स्वागत करेंगे, क्योंकि सच्चे लोकतांत्रिक मूल्यों को हमारे पारिवारिक, सामाजिक और राजनीतिक ढांचे में पूरी तरह से आत्मसात नहीं किया गया है।

-पी. चिदंबरम

## संपादकीय

# विवादित नेताओं की फिर कटी टिकट

भाजपा में विवादित नेताओं की टिकट कटने का सिलसिला जारी है। पार्टी ने पहली सूची में कई विवादित नेताओं को बेटिकट किया है। अक्सर अपने बयानों से विवादों में रही भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया है तो संसद के अंदर बसपा सांसद दानिश अली पर विवादित बयान देने वाले रमेश विधूड़ी को भी टिकट नहीं मिली। यह सिलसिला दूसरी सूची में भी जारी रही। भाजपा ने 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक के दो ऐसे सांसदों की टिकट काटी है, जो पिछले कुछ दिनों से किसी न किसी कारण से विवादों में घिरे रहे थे और उनकी वजह से पार्टी को बैकफुट पर आना पड़ा। भाजपा ने इस बार कर्नाटक से अपने सांसद प्रताप सिम्हा की टिकट काट दी। पिछले दिनों वे इस बात को लेकर विवाद में आए थे कि उनकी सिफारिश पर कुछ लोगों का सांसद का पास बना था, जिन्होंने संसद भवन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। दो लोगों ने तो संसद की दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर छलांग लगा दी थी और धुआं छोड़ा था। बाद में इनको गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि इस सिलसिले में प्रताप सिम्हा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीत कर संविधान बदलने का बयान देने वाले भाजपा सांसद अनंद हेगड़े की टिकट भी कट गई है। उनके इस बयान पर भाजपा ने बहुत नाराजगी जताई थी और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।

# राजस्थान में कांग्रेस ने उम्मीदवार तो दमदार उतारे हैं, देखना होगा कि परिणाम क्या रहता है?

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर चुनाव हारने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार चुनाव में फूंक फूंक कर कदम रख रही है। इसीलिए अब तक घोषित 10 प्रत्याशियों में से किसी भी पुराने प्रत्याशी को रिपीट नहीं किया गया है। हालांकि कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव मैदान में नहीं उतरे हैं। यदि यह सभी नेता भी चुनाव मैदान में उतरते तो कांग्रेस बीजेपी में कड़ा मुकाबला देखने को मिलता। हालांकि अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को इस बार भी लोकसभा चुनाव में उतारा गया है।



**कांग्रेस की सूची में बीकानेर सुरक्षित सीट से गोविंदराम मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। गोविंदराम मेघवाल पिछला विधानसभा चुनाव खाजूवाला क्षेत्र से हार गए थे। वह पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व पूर्व में भाजपा से भी विधायक रह चुके हैं।**

मगर उनका क्षेत्र बदलकर जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही कर दिया गया है। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए चूरू के सांसद राहुल कस्वां को भी चूरू से प्रत्याशी बना दिया है। इसके साथ ही उदयपुर सीट पर आईएएस से इस्तीफा देने वाले ताराचंद मीणा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस की सूची में बीकानेर सुरक्षित सीट से गोविंदराम मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। गोविंदराम मेघवाल पिछला विधानसभा चुनाव खाजूवाला क्षेत्र से हार गए थे। वह पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व पूर्व में भाजपा से भी विधायक रह चुके हैं। पिछली बार बीकानेर से मदन गोपाल मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया था। वहीं 2014 में पूर्व सांसद शंकर पन्नू को प्रत्याशी बनाया गया था। चूरू संसदीय सीट पर दो बार भाजपा से सांसद बने राहुल कस्वां को प्रत्याशी बनाया गया है। राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद रह चुके हैं। जिले में इन्होंने ही सबसे पहले भाजपा का खाता खोला था। मगर राहुल कस्वां का टिकट काट देने से वह कांग्रेस की तरफ से चुनाव लड़ेंगे। चूरू से पिछली बार रफीक मंडेलिया व 2014 में प्रताप पूनिया को प्रत्याशी बनाया गया था।

झुंझुनू सीट से विधायक बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया गया है। चार बार के विधायक बृजेंद्र वाला गहलोत सरकार में परिवहन राज्य मंत्री थे। उनके पिता शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद, नौ बार विधायक, केंद्र व राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके थे।

झुंझुनू से पिछली बार सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार को व 2014 में बृजेंद्र ओला की पत्नी राजबाला ओला को प्रत्याशी बनाया गया था। यादव मतदाताओं की बहुलता वाली अलवर सीट पर मुंडावर विधायक ललित यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। ललित यादव ने पिछला विधानसभा चुनाव 34526 मतों से जीता था। अलवर से पिछले दो बार कांग्रेस से भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव लड़कर बड़े अंतर से पराजित हुए थे। भरतपुर सुरक्षित सीट से संजना जाटव को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि पिछली बार अभिजीत कुमार जाटव व 2014 में डॉक्टर सुरेश जाटव प्रत्याशी थे। इस बार की प्रत्याशी संजना जाटव पिछला विधानसभा चुनाव कठूमर सीट से मात्र 409 मतों से हार गई थी। संजना जाटव अभी अलवर जिला परिषद की सदस्य हैं तथा मात्र 26 साल की उम्र से ही उसे लगातार कांग्रेस पार्टी से टिकट मिल रही है। संजना जाटव कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के अभियानों से जुड़ी हुई हैं। इसी के चलते उन्हें टिकट मिला है। टोंक-सवाई माधोपुर सीट से कांग्रेस ने देवली विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। जबकि पिछली बार उनके भाई नमोनारायण मीणा व उससे पहले क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन चुनाव लड़ चुके हैं।

## मिला जुला

### एक नजर

### अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की मतगणना की तारीखों में बदलाव, 2 जून को ही आ जाएंगे नतीजे



अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की मतगणना कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि इन दोनों राज्यों में 4 जून को नहीं, बल्कि 2 जून को वोटों की गिनती होगी। लोकसभा चुनाव के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को एक चरण में विधानसभा चुनाव भी होंगे। आयोग ने कहा कि चूंकि दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए तारीख बदल दी गई है। हालांकि, अरुणाचल और सिक्किम के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम के संबंध में कोई बदलाव नहीं होगा। मालूम हो कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी संसदीय चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव होने हैं। अरुणाचल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने कहा कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च है।

### सांप वाले केस में एल्विश यादव को 'डंक', नोएडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांप का जहर सप्लाई करना एल्विश यादव को भारी पड़ गया है। नोएडा के सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने चर्चित यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा पुलिस पहले ही गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर चुकी है। एल्विश यादव का केस नोएडा से लेकर पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने एल्विश के गिरफ्तारी की पुष्टि की है ।उसे नोएडा पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

# चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड्स की नई डिटेल अपलोड की

नई दिल्ली. चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से शनिवार को मिला इलेक्टोरल बॉन्ड का नया डेटा अपलोड कर दिया है। 15 मार्च के आदेश के अनुसार चुनाव आयोग को यह लिस्ट नई जानकारी के साथ 17 मार्च शाम 5 बजे तक अपलोड करनी थी। आयोग को यह डेटा रजिस्ट्री से डिजिटल रूप में पेन ड्राइव में मिला था।

नए डॉक्यूमेंट्स केवल बॉन्ड की तारीख, कैटेगरी, बॉन्ड नंबर्स, जारी करने वाले भारतीय स्टेट बैंक की ब्रांच, रिसीविंग डेट और क्रेडिट डेट का डेटा दिखाते हैं। हालांकि इसमें बॉन्ड के यूनीक अल्फान्यूमेरिक नंबर्स नहीं हैं।

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए उसके पास डेटा की कॉपी




नहीं है। CJI चंद्रचूड़ की बेंच ने रजिस्ट्री को डेटा लौटाने कहा था। सुप्रीम कोर्ट को ये डेटा 2019 और 2023 में दिया गया था। इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने 2023 में सितंबर तक राजनीतिक पार्टियों को मिले चंदे की जानकारी मांगी थी। इससे पहले कोर्ट ने 2019 में भी फंड से जुड़ी जानकारी मांगी थी। हालांकि, अब तक ये स्पष्ट नहीं है कि ये डेटा 14 मार्च को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए डॉक्यूमेंट्स से कितना अलग है। आयोग ने 14 मार्च को अपनी वेबसाइट पर 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की थी। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी है। दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी। SBI ने इसमें यूनीक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स का खुलासा नहीं किया था। इससे यह पता नहीं चल सका कि किसने किसे कितना चंदा दिया है। इसे लेकर कोर्ट ने शुक्रवार को SBI को नोटिस जारी किया और 18 मार्च तक जवाब मांगा है।

# दुनियाभर में 400 करोड़ से ज्यादा मतदाता डालेंगे वोट

## साल 2024 बनाएगा नया रिकॉर्ड, भारत के अलावा इन देशों में दिलचस्प होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** साल 2024 लोकतांत्रिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बनने की ओर बढ़ रहा है। दरअसल, इस साल दुनिया के 60 देशों में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके एक नया रिकॉर्ड बनाने वाले हैं। कहा जा सकता है कि दुनिया की आधी से अधिक आबादी इस बार मतदान करने वाली है। संभावना जताई जा रही है कि 4 बिलियन यानी 400 करोड़ मतदाताओं के शामिल होने की उम्मीद है। अलग-अलग देशों में राष्ट्रपति से लेकर विधायी और स्थानीय चुनाव शामिल होंगे। 2024 का चुनावी कैलेंडर विविध प्रकार के मील के पत्थर प्रस्तुत करता है।

### सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में तैयारियां पूरी

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत ने भी लोकसभा चुनाव 2024 की पूरी तैयारी कर ली है। मुख्य चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 18वीं लोकसभा चुनाव का आयोजन 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में किया जाएगा। वहीं, मतगणना 4 जून को किया जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत में कुल मतदाताओं की संख्या 96.8 करोड़ है। बता दें कि 2019 में देश में मतदाताओं की संख्या 89 करोड़ 78 लाख के करीब थी। कुल मतदाताओं में से महिला मतदाताओं की संख्या 47.1 करोड़ है, पुरुष मतदाताओं 49.7 करोड़ और लगभग 48,000 ट्रांसजेंडर मतदाता है। वहीं, फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 1.82 करोड़ है।




### मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग की तैयारी

मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने खास तैयारियां की हैं। इस साल चुनाव के लिए 1.48 लाख पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं रखी गई हैं। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं के लिए 55 लाख ईवीएम (Electronic Voting Machine) का इस्तेमाल करेंगे।

### घर जाकर लिए जाएंगे वोट

मालूम हो कि मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने खास व्यवस्था की है। पहली बार ऐसा होगा कि मतदाताओं का वोट लेने के लिए चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मी घर भी जाएंगे। दरअसल, 85 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए ड्यूटी पर तैनात कर्मी उनके घर जाकर वोट लेंगे।


### सुरक्षा के होंगे खास इंतजाम

चुनाव संबंधी कार्यों के लिए राज्य और केंद्र सरकार के कर्मचारियों सहित कुल 4.5 लाख कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इनमें से 1.67 लाख से अधिक मतदान अधिकारी हैं। इसके अलावा, चुनाव के दौरान 1.2 लाख से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जायेंगे।

# दुनिया ऐसे बात कर रही, जैसे भारत बंटा ही नहीं; अमेरिका को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फिर सुनाया

**नागरिकता** संशोधन कानून को लेकर अमेरिका के बयान पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सख्त आपत्ति जताई है। अमेरिका ने कहा था कि इस कानून को लागू करने पर हमारी नजर है। इस पर जयशंकर ने कहा कि ऐसे बयान बिना इतिहास को समझे दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून इसलिए लाया गया है कि भारत विभाजन से पैदा हुई समस्याओं को हल किया जा सके। उन लोगों को इससे राहत मिले, जो धर्म के नाम पर हुए देश विभाजन के बाद सताए गए थे। दुनिया तो ऐसे बात कर रही है कि जैसे भारत का विभाजन कभी हुआ ही न हो। उन्होंने कहा, %दुनिया के कई हिस्सों के लोगों की आप बात सुनेंगे तो ऐसा लगता है कि भारत का विभाजन कभी हुआ ही नहीं था।

उससे कोई समस्या भी पैदा नहीं हुई थी। जबकि यह कानून उन समस्याओं के ही हल के लिए आया है, जो विभाजन के चलते पैदा हुई थीं।% उन्होंने कहा कि दुनिया में एक तबका ऐसा है, जो एक समस्या उठाता है। उससे जुड़े सभी ऐतिहासिक तथ्यों को हटा देता है। फिर उसे लेकर सनसनी फैलाता है। इसके बाद राजनीतिक रूप से सही लगने वाले बयान दिए जाते हैं। फिर यह ज्ञान देने की कोशिश होती है कि हम तो सिद्धांतों का पालन करते हैं और आपके कोई सिद्धांत नहीं हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इंडिया टुडे



कॉन्क्लेव में यह बात कही। उन्होंने अमेरिकी राजदूत एरिक गारासेट्टी के बयान का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। दरअसल अमेरिकी राजदूत ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा था कि हम अपने सिद्धांतों को नहीं ठुकरा सकते। उन्होंने कहा था कि लोकतंत्र की बुनियाद सभी धर्मों के लिए स्वतंत्रता और समानता के सिद्धांत पर टिकी हुई है। यही नहीं उनका कहना था कि अमेरिका की सीएए पर नजर है। हम देखेंगे कि इसे किस तरह से लागू किया जाता है। उनसे पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भी इसे लेकर बयान जारी किया था। इस पर भी भारत ने आपत्ति जताई थी और कहा था कि हमें आपके लेक्चर की जरूरत नहीं है। अमेरिकी राजदूत के सिद्धांतों वाले बयान पर जयशंकर ने अपने ही अंदाज में खूब सुनाया। उन्होंने कहा, 'सिद्धांत तो हमारे भी हैं। इनमें से ही एक सिद्धांत यह है कि हमें उन लोगों की रक्षा करनी है, जिन पर विभाजन के वक्त अत्याचार हुआ था।'

# निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही कोंडागांव जिले में आदर्श आचरण संहिता हुई प्रभावशील

### राजनैतिक दल संहिता के दायरे में रहकर करें प्रचार-प्रसार- कलेक्टर दुदावत

**कोण्डागांव।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के तत्काल बाद 16 मार्च से कोण्डगांव जिले के लिए आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गयी है। यह आदर्श आचरण संहिता 16 मार्च से ही समस्त शासकीय सेवकों और राजनैतिक दलों के लिए लागू है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने शनिवार को जिला कार्यालय के भूतल स्थित सभाकक्ष में आयोजित राजनैतिक दलों की बैठक में सभी राजनैतिक दलों को आदर्श आचरण संहिता के दायरे में रहकर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार कोंडागांव जिले की बस्तर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कोंडागांव विधानसभा और नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में ही 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं कांकेर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत केशकाल विधानसभा क्षेत्र में मतगणना 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। मतगणना का कार्य 04 जून को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार बस्तर लोकसभा क्षेत्र हेतु 20 मार्च को अधिसूचना का प्रकाशन करने के साथ नामांकन दाखिले की शुरूआत होगी। नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 27 मार्च निर्धारित की गयी है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च निर्धारित है, जबकि नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 मार्च निर्धारित है। वहीं कांकेर लोकसभा क्षेत्र हेतु 28 मार्च को अधिसूचना का प्रकाशन करने के साथ नामांकन दाखिले की शुरूआत होगी। नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 04 अप्रैल निर्धारित की गयी है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल निर्धारित है, जबकि नाम वापसी की अंतिम तारीख 08 अप्रैल निर्धारित है। कलेक्टर ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होने के साथ ही प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। धार्मिक स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार-प्रसार हेतु नहीं किया जा सकेगा। शासकीय विश्रामगृहों का राजनैतिक बैठक अथवा प्रचार-प्रसार उद्देश्यों हेतु उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। शासकीय भवनों, स्थलों का उपयोग किसी भी स्थिति में प्रचार प्रसार हेतु नहीं किया जा सकेगा। जूलूस और रैली के दौरान अस्त्र-शस्त्र के उपयोग पर प्रतिबंध है। सभी प्रकार के परियोजना के शिलान्यास, उद्घाटन आदि पर प्रतिबंध है। राजनैतिक दलों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि को प्रदत्त शासकीय कर्मचारी जैसे निज सहायक, कार्यालय सहायक की सुविधा स्थगित कर दी गयी है।






# किरंदुल अनुविभागी अधिकारी पुलिस के कार्यालय में शांति समिति की बैठक रखी गई

**किरंदुल बचेली।** किरंदुल में आज आने वाले होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और तहसीलदार के द्वारा शांति समिति की बैठक रखी गई थी जिसमें जनप्रतिनिधि व्यापारी गण पत्रकार संघ और नगर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया था

बता दे की 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव है जिसके लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है जिसके मध्य नजर नगर में किसी भी प्रकार का कोई भी सार्वजनिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है और साथी होली के त्यौहार में किसी भी प्रकार की कोई भी हुड़दंग करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा एवं पुलिस विभाग के द्वारा सभी से अपील की गई है की होली के त्यौहार को बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से मनाये एवं होली के लिए अग्रिम सभी को बधाई दी गई इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कपिल चंद्र तहसीलदार जीवितेश सोरी थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू उपस्थित थे।



# जिले में आस्था के प्रतीक ऐतिहासिक 13 दिवसीय फागुन मेला का कलश स्थापना के साथ प्रारंभ

**दंतेवाड़ा ।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में 13 दिनों तक चलने वाली श्री दंतेश्वरी माई जी की प्रसिद्ध फागुन मंडई (मेला) का शुभारंभ आज 16 मार्च को कलश स्थापना के साथ हो गया है। मंदिर के प्रधान पुजारी श्री हरेन्द्रनाथ जिया ने ठीक प्रात: 11 बजे परम्परानुसार नगर के मेंडका डोबरा मैदान में स्थित गुड़ी में माई जी की छत्र की प्राण प्रतिष्ठा कर कलश की स्थापना की। श्री हरेन्द्रनाथ जिया ने बताया कि शाम 4 बजे श्री नारायण मंदिर के लिए माई जी की प्रथम पालकी मंदिर से निकलेगी साथ ही अन्य रस्में भी विधि विधान से सम्पन्न की जावेगी। 16 मार्च प्रथम दिवस कलश स्थापना के साथ ही इस तेरह दिवसीय फागुन मेला का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। वहीं विभिन्न ग्रामों से आने वाले देवी देवताओं को भी ससम्मान आसन ग्रहण कराया जायेगा। इस वर्ष फागुन मेला 16 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा जिसमें परम्परानुसार विभिन्न कार्यकम पूजा-पाठ के साथ सम्पन्न होंगे। कलश स्थापना के समय मेंडका डोबरा मैदान में परम्परागत वाद्य यंत्रों की गूंज मंत्रोपचार के साथ ही सेवक, पुजारी, मांझी चालकी तथा टैम्पल कमेटी के अध्यक्ष तथा सदस्यगण उपस्थित थे।



# लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर कांग्रेस ने की बैठक जिले भर के पदाधिकारी रहे मौजूद

### कार्यकर्ताओ क़े दम पर जीतेंगे दोनों सीट - फूलोदेवी नेताम

**कोंडागांव** - कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आहूत की गयी जिसमे जिले भर से कांग्रेस पार्टी क़े पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए।मौजूद सभी कार्यकर्ताओ को नेताओं ने जित का मंत्र दिया नेताओं ने कहा पिछले चुनाव मे भाजपा झूठ बोलकर जनता को मोहित किया और सत्ता हासिल किया सत्ता मे बैठने क़े बाद जनता को किये वादों को भूल गयी है वहीं केंद्र मे बैठी मोदी सरकार क़े 10 वर्षो मे देश का हाल बेहाल है जनता क़े बिच जाकर केवल भाजपा की नाकामी बढ़ती मंहगाई बढ़ते पेट्रोल डीजल क़े दाम आसमान को छूती रसोई गैस क़े दाम बढ़ती बेरोजगारी भाजपा क़े भ्रष्टाचार को उजागर करना है कई नेताओं ने कहा केंद्र सरकार 10 वर्षो तक ही रह पाती है पिछले कई दशकों से यह देखने को मिला है चाहे एनडीये की सरकार को या यूपीये की सरकार 10 वर्षो तक ही टिक पाई है ठीक वैसे ही मोदी सरकार को भी 10 वर्ष पुरे हो चुके हैँ अब मोदी जी क़े अलविदा होने की पारी है। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा झूठ बोलकर सत्ता हासिल करना भाजपा की रणनीति को जनता अच्छी तरह समझ चुकी है कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है हम कार्यकर्ताओं क़े दम पर बस्तर- कांकेर लोकसभा क़े साथ छत्तीसगढ़ मे भाजपा से अधिक सीटें जीतेंगे और केंद्र मे खड़गे साहब राहुल गाँधी क़े नेतृत्व मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएंगे।जिला कांग्रेस की बैठक मे राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान पीसीसी सदस्य शांतिलाल सुराना प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कैलास पोयाम प्रदेश कांग्रेस सचिव बिरस साहू सकुर खान जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन राजेश नेताम सुखराम पोयाम जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव जिला पंचायत सदस्य द्वय रमिलाब्रम्हा मरकाम हेमलाल बघेल जेपी यादव दसरथ नेताम पीतांबर नाग कपिलकांत नाग दुष्यन्त राणा हेमा देवांगन सहित समस्त प्रकोष्ठ क़े पदाधिकारी कार्यकर्ता निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित मंडल जोन सेक्टर बूथ क़े कांग्रेसजन भारी संख्या मे मौजूद रहे।






# शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कलेक्टर दुदावत ने कोण्डागांव जिले में लागू की धारा 144

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही जिले में शांतिपूर्वक निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुणाल दुदावत द्वारा शनिवार 16 मार्च से 6 जून तक संपूर्ण कोंडागांव जिले में धारा 144 प्रभावशील कर दी गई है।

कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि लोकसभा निवार्चन की समस्त कार्यवाही पूरी तरह से शांतिपूर्वक एवं मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी डर, भय एवं दबाव के निर्भीकतापूर्वक किये जाने के लिए जिले में लोक परिशांति बनाए रखना आवश्यक है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव द्वारा अपने संपूर्ण जिले में निर्वाचन अवधि में लोक परिशांति बनाए रखने हेतु किए गए अनुरोध पर यह कार्यवाही की गई है। लोकसभा निर्वाचन 2023 हेतु चुनाव सामग्री मतदान दलों एवं चुनाव में भाग लेने वालों की सुरक्षा तथा मतदाताओं को बिना डर भय के निर्भीक अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने हेतु आवश्यक है कि निर्वाचन अवधि में कानून व्यवस्था को नियंत्रित की जाए, ताकि निर्वाचन संबंधी आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने इस अवधि में कानून व्यवस्था को नियंत्रित नहीं किए जाने पर लोक परिशांति एवं सुरक्षा को गम्भीर खतरे को देखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (2) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया गया है।

## एक नजर

# 18 मार्च को ''अनुभव की पाठशाला'' का ग्रंथालय में होगा आयोजन

### युवाओं को प्रेरणा देने के लिए प्रशासनिक अधिकारी बताएगें अपने अनुभव

**दंतेवाड़ा ।** दंतेवाड़ा धाम प्रबंधन सोसायटी के सौजन्य एवं बचपन बनाओ स्वयं सेवी संस्था के सहयोग से नवीन ग्रंथालय परिसर दंतेवाड़ा में 18 मार्च को समय 12 बजे ''अनुभव की पाठशाला'' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। इस संबंध में आयोजकों ने बताया कि अनुभव की पाठशाला कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन, आत्मविश्वास एवं परीक्षा हेतु आवश्यक तैयारियों के के संबंध में जानकारी देना है ताकि उनकी तैयारियां बेहतर हो सके। और वे मानसिक रूप से इसके लिए सक्षम बन सके। इस कड़ी में आयोजन के तहत 18 मार्च को कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी युवाओं से रूबरू होंगे और उनके द्वारा युवाओं को प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि उचित समय अंतराल पर इस कार्यक्रम की अनेक कड़ियां आयोजित की जायेगी। जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण अपने अनुभव युवाओं के साथ साझा करते हुए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों से अवगत करायेगे। इस संबंध में उपरोक्त संस्था द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने अपील की गयी है।

# पानी की समस्या के लिए कंट्रोल रूम बना, टोल फ्री नंबर द्वारा 24 घंटे में होगा समाधान

### कलेक्टर ने अधिकारी और कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**दंतेवाड़ा ।** जिले के कई गांवों में गर्मी के महीने में पेयजल की समस्या होती है। इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम में कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यदि कहीं भी पेयजल की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 180023-30008 पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। यह कंट्रोल रूम कलेक्टर परिसर के लोक स्वास्थ्य विभाग दंतेवाड़ा के कक्ष क्रमांक 236 में स्थापित की गई है। जिसका काम शुरू हो गया है, कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी देवेन्द्र आर्मो तथा नियंत्रण अधिकारी संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू के साथ ही कार्य संपादन के लिए टीम की तैनाती की गई है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 9302706669 है। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी प्रतिदिन जिले के 20-20 पंचायतों के सरपंच और सचिवों से संपर्क कर जिले के कुल 143 पंचायतों की पेयजल की समस्याओं की जानकारी लेंगे। यदि पेयजल की समस्या है, तो इसकी जानकारी वे अधिकारियों को देंगे। जो 48 घंटे में निराकरण करेंगे। साथ ही प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण की स्थिति को एंट्री कर नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता निखिल कवर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### लोकसभा निर्वाचन-2024

# आदर्श आचार संहिता के संबंध में कलेक्टर द्वारा ली राजनैतिक दलों एवं मीडिया कर्मी की बैठक

**दंतेवाड़ा ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा राजनैतिक दलों और मीडियाकर्मियों की बैठक ली गयी। बैठक में कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गयी कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-88 दंतेवाड़ा में कुल 06 तहसील, दंतेवाड़ा, गीदम, बड़ेबचेली, कुआकोंडा, कटेकल्याण और बारसूर शामिल है, जबकि 04 उप तहसील बड़ेतुमनार, फरसपाल, बड़े गुडरा, पालनार है। इस प्रकार तीन अनुभाग दंतेवाड़ा, बड़े बचेली, गीदम है। जिले में कुल मतदान केन्द्र 273 है, इसमें कुल बीएलओ 273 तथा बीएलओ सुपरवाईजरों की संख्या 27 है। इसके अलावा सेक्टर ऑफिसर 33 है और जिले में सामान्य मतदान केन्द्र 51, संवेदनशील 67, अतिसंवेदनशील 155 निर्धारित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि 15 मार्च 2024 के अनुसार कुल मतदाता 188838 (पुरूष 88066, महिला 100771, तृतीय लिंग 01) है। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा की गयी है। अत: निर्वाचन घोषणा उपरांत आचार संहिता स्वत: की लागू हो जाती है जिसके संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में प्रतिबंध लागू कर दिया गया। इसके अनुसार जितने भी शस्त्रधारक है ।

उन्हें शस्त्र जमा करने हेतु आदेश जारी किया गया है। साथ ही जिला दन्तेवाड़ा में बिना अनुमति के रैली, सभा, जुलूस निकालने एवं लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी लगायी गयी है और जिले के समस्त अधिकारी, कर्मचारी को आदर्श आचरण संहिता का पालन कराने के संबंध में आदेश जारी किया गया है। समस्त अधिकारी, कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश, मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगें। इसके अलावा जिले के समस्त विश्रामगृह को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के आधिपत्य में लेने के संबंध में निर्देशित किया गया है। जिले में आदर्श आचरण संहिता का पालन करने एवं संपत्ति विरूपण के तहत कार्यवाही किये जाने के संबंध में सभी अधिकारी, कर्मचारियों को आदेशित किया गया है।

# कब-बुलबुल टीम एवं स्वास्थ्य विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

### 'टीकाकरण कई खतरनाक और गंभीर बीमारियों को रोकने का एक प्रभावी माध्यम है।'

**कोण्डागांव।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के जिला संरक्षक एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत ,जिला शिक्षा अधिकारी एवम् भारत स्काउट एवं गाइड के जिला आयुक्त आदित्य चांडक के निर्देशानुसार तथा जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू, खंड चिकित्सा अधिकारी श्रीमती दिव्या तिवारी के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रधान अध्यापक एवम् कब मास्टर पवन कुमार साहू, स्वास्थ्य संयोजक महिला श्रीमती किरण उसरे ,स्वास्थ्य संयोजक पुरुष श्री भोजराज बघेल बड़ेबेंदरी के कुशल नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में मुख्य अतिथि श्रीमती किरण उसरे, विशिष्ट अतिथि भोजराज बघेल स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर अंतरराष्ट्रीय टीकाकरण दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि किरण उसरे एवं विशिष्ट अतिथि भोजराज बघेल ने अंतरराष्ट्रीय टीकाकरण मनाये जाने के संबंध में जानकारी देते हुए कहा ,कि टीकाकरण कई गंभीर संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए काफी जरूरी होती है ।लोगों को वैक्सीन के इसी महत्व को समझने के मकसद से हर साल 16 मार्च को अंतरराष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जाता हैं। आज ही के दिन 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को 16 मार्च 1995 को भारत में मुंह के जरिए पोलियो वैक्सीन की पहली खुराक दी गई। तब से प्रतिवर्ष 16 मार्च को अंतरराष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जाता है।



# घर से मोबाइल व जेवर पार

**रायपुर ।** झंडा चौक बोरियाखुर्द टिकरापारा स्थित मकान से अज्ञात चोर ने मोबाइल व सोने के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्यनारायण पांडे 38 वर्ष झंडा चौक बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात चोर ने छत के रास्ते से प्रार्थी के घर में प्रवेश किया और सेमसंग कंपनी का मोबाइल व सोने के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 02 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

### आत्मसमर्पित माओवादी कटेकल्याण एरिया कमेटी के तेलम पंचायत में थे सक्रिय।

**दन्तेवाड़ा।** जिला दन्तेवाड़ा में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी0 (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक (परि0) सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज श्री विकास कठेरिया (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री रामकुमार बर्मन (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छ0ग0 शासन की ''पुनर्वास नीति'' के प्रचार-प्रसार एवं दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''लोन वर्राटू'' (घर वापस आईये अभियान) से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर कटेकल्याण एरिया कमेटी के प्रतिबंधित नक्सली संगठन में ग्राम तेलम, पुजारीपारा संघम सदस्य देवा मण्डावी पिता सन्नू मण्डावी उम्र 52 वर्ष जाति गोंड निवासी तेलम पुजारीपारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा एवं ग्राम तेलम, स्कूलपारा संघम सदस्य हिड़मा मण्डावी पिता स्व0 बामन मण्डावी उम्र 34 वर्ष जाति गोंड निवासी तेलम स्कूलपारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा ने दिनांक 17.03.2024 को पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक (परि0) सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज श्री विकास कठेरिया (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला (भापुसे0),एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री रामकुमार बर्मन (रा.पु.से.) के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादी को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत् 25-25 हजार रूपये नगद प्रदान किया गया साथ ही पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले अन्य सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जायेगा।



देवा मण्डावी



हिड़मा मण्डावी

# कांग्रेस की सरकार बनने पर युवा, महिला, किसान होंगे आत्म निर्भर-विकास उपाध्याय

## रायपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बलौदाबाजार में ली प्रेस वार्ता

जोहार छत्तीसगढ़ – बलौदाबाजार।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यक्रमों की सूची जारी करते ही आचार सहिता प्रभावशील हो गया है तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में अपना भविष्य आजमाने चुनावी मैदान में उतर गए है। रायपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय बलौदाबाजार पहुंचें तथा जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से प्रेस वार्ता की। इस दौरान श्री उपाध्याय ने कहा की

कांग्रेस ने युवाआ के बाद महिलाओं किसानों की समृद्धि के लिये पाच-पाच गारंटी दिया है। काग्रेस पार्टी देश की महिलाओं से वादा करती है कि कांग्रेस की केन्द्र सरकार महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करेगी। जिसमें हर महिला को साल में एक लाख रू. अर्थात महीने में 8333 रू. मीलेगा । भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में माताओं बहनों को महीने में मात्र 1000 रू साल में 12000 रू. देगी। कांग्रेस की सरकार इसका 8 गुना ज्यादा महिलाओं को देगी, केन्द्रीय नौकरियों में आधी भर्तियांया महिलाओं की करेंगी, आशावर्कर,आंगनबाडी तथा मिड डे मील कार्यकर्ताओं को केन्द्रीय सहायता कांग्रेस की सरकार बनने पर दुगुना किया जायेगा, महिलाओं के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिये प्रत्येक पंचायत में कानूनी सहायक की नियुक्ति की जायेगी, देश के सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिये हास्टल बनाया जायेगा। किसान हित के लिए उन्होंने कहा की महिलाओं के साथ किसानों के सुख समृद्धि के लिये भी 5 गारंटी देती है। कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। इसके लिए ससद में एक विशेष कानून पारित किया



जाएगा। डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार एमएसपी तय की जाएगी, किसानों के ऋण माफ करने और आवश्यक ऋण माफी की राशि निर्धारित करने के लिए एक स्थायी कृषि ऋण माफी आयोग की स्थापना की जाएगी। किसानों के फसलों के नुकसान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में गारंटीड भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को फिर से डिजाइन किया जाएगा। कांग्रेस कृषि उत्पादों के लिए एक आयात-निर्यात नीति बनाएगी और उसे लागू करगी जिसमें किसानों के हितों की रक्षा और चिंताएं सर्वोपरि होगी। यह स्थिर और पूर्वानुमान पर आधारित होने के साथ-साथ किसानों के हितों पर आधारित होगा। किसान जीएसटी मुक्त होंगे। कृषि में इस्तेमाल होने वाले सामानों पर टैक्स से छूट के लिए जीएसटी व्यवस्था में संशोधन किया जाएगा। हमारे नेता राहुल गांधी जी ने 5 चरणों में युवा न्याय की घोषणा किया है। भर्ती भरोसा के तहत कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरी की गारंटी देती है। हम एक कैलेंडर जारी करेंगे और उसके अनुसार समयबद्ध तरीके से भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेंगे। पहली नौकरी पक्की प्रत्येक डिप्लोमा होल्डर या कॉलेज ग्रेजुएट को पब्लिक या प्राइवेट सेक्टर की कंपनी में एक साल के अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) देने के लिए एक नए प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम की गारंटी देती है। प्रशिक्षुओं को 1 लाख रुपए (8.500 / माह) हर वर्ष मिलगे। पेपर लीक से मुक्ति कांग्रेस सार्वजनिक परीक्षाओं में किसी भी तरह की साठगांठ या षड्यंत्र को रोकने के लिए और ईमानदारी एवं निष्पक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए नए कानूनों की गारंटी देती है। हम नए कानून लाकर पेपर लीक को पूरी तरह से रोकेंगे, जिससे मौजूदा समय में करोडों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

गिग इकॉनमी में सामाजिक सुरक्षा कांग्रेस गिग इकॉनमी में हर साल रोजगार ढूंढने वाले लाखो युवाओं के लिए बेहतर वर्किंग कडिशन (कामकाजी स्थिति) और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून लाने की गारंटी देती है। युवा रोशनी पाच साल की अवधि के लिए देश के सभी जिलो में आवंटन की सुविधा के साथ काग्रेस 5,000 करोड रुपए का एक कोष बनाएगी। 40 साल से कम उम्र के युवा किसी भी क्षेत्र में अपने बिजनेस के लिए स्टार्ट-अप फंडिंग का लाभ उठा सकते है। प्रेस वार्ता के पश्चात् श्री उपाध्याय ने कांग्रेस के जिला पदाधिकारीयों और कार्यकर्त्तायों की बैठक ली व चुनाव संबंधित जरुरी दिशा निर्देश देते हुए ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठ होकर काम करने की अपील की।

## एक नजर

### जूलूस, आमसभा के लिए अनुमति जरूरी

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा किये जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होने से जुलूस निकालने व आम सभाओं को नियंत्रित करने हेतु संबंधित व्यक्ति अनुमति लेकर ही आम सभा करें या जुलूस निकालने का आदेश जारी किया गया है। जिला दंडाधिकारी श्री वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य समाप्ति तक कोरबा जिले में कोई भी आम सभा या जुलूस संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोरबा, कटघोरा, पोंड़ीउपरोड़ा के लिखित अनुमति बगैर नहीं निकालने का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निषेध

**कोरबा** । लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान कोलाहल विहीन वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने आदेश जारी कर कोरबा जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य समाप्ति तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को निषेध कर दिया है। उन्होने कहा है कि निर्वाचन प्रचार व अन्य आवश्यक कार्य हेतु क्षेत्र के संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि में किया जा सकता है।

### पुलिस भर्ती के लिए अभ्यास कर रही महिलाओं को किया प्रेरित

**बालोद** । जिला प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग बालोद के द्वारा 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न खेल गतिविधियां कराई गई। इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक, आर्थिक,खेल जगत, सामाजिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दिन महिलाओं को सामाज में समानता का अधिकार दिलवाना है, ताकि वे अपने हक के प्रति जागरूक बनें। इसी मकसद को देखते हुए शासकीय महाविद्यालय बालोद के क्रीड़ा अधिकारी मनीष टोप्पो के द्वारा जो महिलाऐं उनके संरक्षण में पुलिस भर्ती के लिए अभ्यास कर रही है उन्हें प्रेरणा देते हुए निम्नलिखित खेलों में भाग लेने को कहा और महिलाओं ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं रस्सी खासी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया इस सकारात्मक प्रोत्साहन के लिए सभी महिलाओं ने टोप्पो सर का धन्यवाद किया।

### जन्म और मृत्यु दोनों सुंदर हो वह राम कथा : आचार्य झम्मन शास्त्री

**दुर्ग** । अंत:करण की पवित्रता कथा श्रवण से होती है। दूर्ग मे चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सत्संग सभा में आचार्य श्री शास्त्री जी ने वर्तमान में कथा सत्संग आराधना संकीर्तन सेवा का रस रहस्य वाणी में निरूपण करते हुए बताया सत्संग के माध्यम से भागवत कथा श्रवण करने से मन और चित्त शुद्ध समाहित हो जाता है। अंत:करण पवित्र होता है। मन, बुद्धि, चित्त, और अहंकार विचारों की पवित्रता के लिए भागवत कथा परम साधन है। विकारों से रहित जीवन के लिए भगवान की कथा के साथ नाम, रूप, लीला और धाम से जुड़कर जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए। शास्त्री जी ने कहा नीति और अध्यात्म विहीन शिक्षा पद्धति के दुष्प्रभाव से समाज में नैतिक मूल्यों का अभाव होते जा रहा है। चारों तरफ संस्कार तथा विकार ग्रस्त युवा पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण कर विश्व प्रसिद्ध भारतीय संस्कृति सनातन परंपरा से दूरी बढ़ाकर भ्रमित है। ऐसी दशा में राम कथा ,कृष्ण कथा, शिव कथा के माध्यम से आदर्श समाज परिवार तथा राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा प्राप्त करने की आवश्यकता है ।जिससे समाज में सुख परस्पर सौहार्द, शांति, सद्भाव, प्रेम, एकता की स्थापना संभव है। मानव मात्र के लिए रामायण आचार्य संहिता है ।प्रत्येक घरों में रामायण का पाठ, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ नित्य हो। जिससे बच्चे सुसंस्कृत ,संस्कारवान, विचारवान, कर्तव्य, निष्ठ , सेवा पारायण, बनकर ईश्वर, धाम माता-पिता ,गुरु तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करने में सक्षम बन सके ।आचार्य श्री कथा के माध्यम से श्रद्धालु भक्तों को प्रेरित करते हुए कहा। हमारा जीवन और मृत्यु दोनों धन्य हो जाए। उसके लिए राम कथा ही माध्यम है। राजा दशरथ का जन्म लेना सार्थक जीवन भी ,सुंदर मृत्यु भी, सुंदर होने उन्होंने बना लिया ।प्रभु राम को पुत्र रूप में प्राप्त कर जीवन धन्य था। मृत्यु काल में राम-राम रटते हुए देह का त्याग कर मृत्यु को धन्य बना लिए। साक्षात बैकुंठ लोक के अधिकारी बन गए ।भगवान ने अहैतुक कृपा कर 84 लाख योनियों में परम दुर्लभ मानव जीवन प्रदान किया है। इसलिए एक-एक क्षण का सदुपयोग परमार्थ के लिए करना चाहिए। जिससे इसी जन्म में हम कृत कृत्य हो जाए ।फिर से जन्म लेना न पड़े। पूज्यपाद गुरुदेव भगवान के द्वारा प्रदत्त अमृतवाणी को श्रवण कर सवा घंटा भजन का व्रत सभी भक्तों को अवश्य लेना चाहिए ।

# शस्त्र लायसेंसियों को नजदीकी पुलिस स्टेशन में 7 दिवस के भीतर जमा कराने होंगे अपने अस्त्र-शस्त्र

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा एवं आम व्यक्ति की सुरक्षा की दृष्टि से सीमित अवधि के लिए रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवाने के निर्देश दिए है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन शस्त्रों के संभावित दुरूपयोग को रोका जा सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आयुध अधिनियम की धारा के तहत रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्र में रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 7 दिवस के अंदर जमा करायें, इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र संबंधित शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा कर सकते है। जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे। संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड/वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 33 में लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। 16 मार्च 2024 से निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति (लोकसभा निर्वाचन 2024) तक के लिए रायगढ़ जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए गये हैं। संबंधित थाना प्रभारी एवं संबंधित शस्त्र डीलर यह सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह जमा किये जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये जाने वाले शस्त्रों का इंद्राज करेंगे और शस्त्र जमा करने वालों को इस संबंध में पावती देंगे। जमा कराये गये शस्त्रों को समुचित रूप से अपने अभिरक्षा में सुरक्षित रखेंगे एवं निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र लौटाना सुनिश्चित करेंगे।

### आदर्श आचार संहिता लागू

# छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के उल्लंघन पर होगी दण्डनीय कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है तथा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रायगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता भी प्रभावशील हो चुकी है। निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये शासकीय/अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडिया लगाई जाती है, जिसके कारण शासकीय/अशासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम धारा के तहत निर्देशित किया है कि कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा, वह जुर्माने से जो एक हजार रूपया तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपत्ति विरूपण के संदर्भ में राज्य में प्रचलित विधि के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही किया जाना है। छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाये। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा शासकीय एवं अशासकीय भवनों की दीवालों पर किसी भी प्रकार के नारे लिख कर विकृत किया जाता है, तो ऐसे कृत्यों के निवारण के लिये एक टीम तत्काल प्रभाव से गठित की जाये। इस टीम में नगरीय निकाय (नगर पालिक निगम)नगर पंचायत, लोक निर्माण विभाग तथा राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मिलित किया जाये। आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में टीम गठित कर जिला निर्वाचन कार्यालय रायगढ़ को अवगत करावे। टीम गठित करने का कार्य नगर निगम में आयुक्त एवं शेष क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किया जाये। टीम सघन भ्रमण कर विरूपित संपत्ति को, संपत्ति विरूपण करने वाले के व्यय पर पूर्ण स्वरूप में लाएगी तथा टीम द्वारा संपत्ति विरूपण करने वाले तत्वों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत एफ.आई.आर.दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

यदि किसी राजनैतिक दल या चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा किसी निजी संपत्ति को बिना उसके स्वामी की लिखित सहमति के विरूपित किया जाता है तो, निजी संपत्ति के स्वामी द्वारा संबंधित थाने में सूचना दर्ज कराने के बाद गठित टीम निजी संपत्ति को विरूपित होने से बचाने की कार्यवाही करेगा एवं संबंधित थाना प्रभारी प्रदत्त सूचना रिपोर्ट पर विधिवत जांच कर सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। इसी प्रकार किसी धार्मिक स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार-प्रसार के लिये नहीं किया जायेगा।

थाना प्रभारी द्वारा संपत्ति विरूपण से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल एफ.आई.आर.दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की जायेगी। संबंधित टीम शिकायत या उन्हे प्राप्त संपत्ति विरूपण के प्रकरणों को पृथक पंजी में दर्ज करेगी एवं विरूपित संपत्ति की फोटोग्राफी अथवा विडियोग्राफी करायेगी।

# चोरी की मोटर सायकल के साथ दो युवक गिरफ्तार, आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़ ।

कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की मोटर सायकल लिए घूम रहे दो संदेही युवक– विमल यादव (उम्र 21 साल) और कार्तिकेश्वर सागर (उम्र 19 साल) को ग्राम लाखा में गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल भेजा गया है ।



वाहन चोरी को लेकर 8 मार्च को थाना कोतवाली में करन लकड़ा (22 वर्ष) निवासी भेड़ीमुडा (अ) लैलूंगा वर्तमान ग्राम लाखा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ द्वारा उसकी यामाहा मोटर सायकल रूझ-15, सीजी 13,झ्ञ-4423 को 7 मार्च के रात्रि लाखा के कोलडिपो मजदूर क्वार्टर के सामने से कोई अज्ञात युवक चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया था । थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध वाहन चोरी का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया ।

माल मुल्जिम पतासाजी दरमियान आज मुखबिर सूचना से सूचना मिली कि दो युवकों को चोरी की मोटर सायकल यामाहा लेकर ग्राम लाखा में घूमते देखा गया है, तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों संदेही युवक- विमल यादव और कार्तिकेश्वर सागर को हिरासत में लिया गया जिन्होंने 7 मार्च की रात्रि कोलडिपो मजदूर क्वार्टर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करना और लाखा में ही छिपा कर रखना बताए । आरोपियों के मेमोरेंडम पर यामाहा मोटर सायकल रूझ-15, सीजी 13 ,झ्ञ-4423 कीमत 90,000 रूपये को बरामद कर आरोपी- (1) विमल यादव पिता श्रीलाल यादव उम्र 21 साल निवासी ग्राम लाखा जिला रायगढ़ (2) कार्तिकेश्वर सागर पिता कृपा रामसागर उम्र 19 साल उम्र थाना तमनार जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है ।

## सतरेंगा में हुआ कांग्रेसियों का विधानसभा स्तरीय महासम्मेलन

# यह चुनाव भारत के संविधान की रक्षा का चुनाव : ज्योत्सना महंत

**कोरबा।** आसन्न लोकसभा चुनाव-2024 के परिप्रेक्ष्य में कोरबा लोकसभा के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय बैठक की कड़ी में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों का महासम्मेलन सतरेंगा में 16 मार्च को आयोजित हुआ।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा आयोजित इस बैठक में कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत विशेष तौर पर उपस्थित रहीं व मार्गदर्शन दिया। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त निर्देशों और लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि यह चुनाव भारत के संविधान की रक्षा का चुनाव है। वर्तमान केंद्र की सरकार धीरे-धीरे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित सामान्य वर्ग के गरीबों का हक छीनते जा रही है। आने वाला भविष्य अंधकारमय है। हम सबको इस अंधकारमय भविष्य से देश की जनता को बाहर निकालने के लिए मिल-जुलकर काम करना है। सांसद ने कहा कि सभी तरह के मतभेद-मनभेद को भुलाकर हमें अपनी कांग्रेस पार्टी के लिए काम करना है। रामपुर की जनता का मुझे पहले भी स्नेह मिला और आगे भी मिलता रहेगा, इसका पूरा विश्वास है।



सतरेंगा में आयोजित विधानसभा स्तरीय विधानसभा सम्मेलन में प्रमुख रूप से रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जनपद अध्यक्ष हरेश कंवर, महेन्द्र पाल सिंह कंवर, रश्मि सिंह, रेखा त्रिपाठी, रूपा मिश्रा सहित ब्लॉक अध्यक्ष अजीत दास महंत, दौलत राम राठिया, श्रीमती हरकुंवर बिंझवार के अलावा सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण सहित जिला, ब्लॉक, जोन, सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारी एवं सदस्यों की हजारों की संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का संकल्प दोहराया।



### आर्टिकल 370 ने दुनियाभर में पार किया 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा




यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 में जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के दौरान आई चुनौतियों को दिखाया गया है।यह फिल्म पिछले तीन सप्ताह से बॉक्स ऑफिस और दर्शकों के दिलों पर राज कर रही हैं।20 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है।अब आर्टिकल 370 ने नया कीर्तिमान हासिल किया है। दरअसल, फिल्म ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। जियो स्टूडियो ने इस खबर की जानकारी देते हुए अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने लिखा, ऐतिहासिक फैसले के पीछे की कहानी देखकर देश गर्व से चमक रहा है।



तृप्ति डिमरी ने बढ़ाई अपनी फीस

# भूल भुलैया 3 के लिए डबल किया है चार्ज!

संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल की सक्सेस के बाद से तृप्ति डिमरी नेशनल क्रश बन गई हैं. फिल्म में एक्ट्रेस का रोल कुछ ज्यादा बड़ा नहीं था फिर भी उन्होंने अपनी एक्टिंग से फैंस को दीवाना बना लिया है. एनिमल की सक्सेस के बाद से तृप्ति मेकर्स की पहली पसंद बन गई हैं.


उन्हें कई प्रोजेक्ट्स ऑफर हो रहे हैं. तृप्ति की भूल भुलैया 3 में भी एंट्री हो चुकी है. रिपोर्ट्स की माने तो फिल्म के लिए एक्ट्रेस ने अपनी फीस बढ़ा दी है. तृप्ति ने अपनी फीस डबल कर दी है. फिर भी मेकर्स उन्हें खुशी-खुशी बढ़ी हुई फीस देने के लिए तैयार हैं. रिपोर्ट्स की माने तो एनिमल की सक्सेस के बाद इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स पहले की तुलना में तीगुने हो गए थे. फॉलोअर्स में इतना बदलाव आने के बाद ही उन्होंने अपनी फीस बढ़ाने का फैसला लिया है. भूल भुलैया 3 के मेकर्स से तृप्ति ने अपनी फीस बढ़ाने के लिए कहा है और वो मान भी गए हैं क्योंकि वो फीस प्रोडक्शन के बजट में फिट बैठती है. रिपोर्ट्स के मुताबिक तृप्ति ने एनिमल में अपने रोल के लिए 40 लाख फीस चार्ज की थी. अब उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ गई है तो उन्होंने ये फीस बढ़ाकर 80 लाख कर दी है. हालांकि फीस बढ़ाने के बाद भी तृप्ति की फीस कार्तिक आर्यन से बहुत कम है. वो कार्तिक की फीस का सिर्फ 20 प्रतिशत चार्ज कर रही हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक आर्यन फिल्म के लिए 45-50 करोड़ चार्ज कर रहे हैं. कुछ समय पहले खबरें आ रही थीं कि तृप्ति को कई साउथ इंडियन फिल्में ऑफर हो रही हैं और उन्होंने प्रभास के साथ फिल्म साइन की है. इन अफवाहों पर तृप्ति ने रिएक्ट किया था. उन्होंने कहा- मैंने अभी तक कोई फिल्म साइन नहीं की है. हालांकि अगर वहां से ऑफर आएंगे तो मैं बहुत खुश हो जाऊंगी।

# जैकलीन फर्नांडीज ने ऑरेंज बॉडीफिट ड्रेस में ढाया कहर

सोशल मीडिया का तापमान हुआ हाई

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने अपने इंस्टाग्राम पर हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो अपने लुक से इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं. इन तस्वीरों में जैकलीन को ऑरेंज कलर के बॉडीफिट रिवीलिंग ड्रेस देखा जा सकता है.

खुले बालों और लाइट मेकअप के साथ उनका ये अंदाज़ फैंस को बेहद पसंद आ रहा है. तस्वीरों में जैकलीन अलग-अलग पोज़ दे रही हैं और उनकी हर अदा दिलकश लग रही है. जैकलीन के इस पोस्ट को कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स मिल चुके हैं और फैंस कमेंट्स की भरमार कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा, आप हमेशा इतनी खूबसूरत कैसे लगती हैं जैकलीन वहीं दूसरे ने कमेंट किया, ऑरेंज आपका रंग है. जैकलिन फ़र्नांडीस श्रीलंकाई मूल की, भारतीय अभिनेत्री व मॉडल है जो हिन्दी फ़िल्मों में कार्यरत है। वे 2006 की मिस श्रीलंका यूनिवर्स रह चुकी है। उन्हें 2010 का सर्वश्रेष्ठ नई अभिनेत्री का आईफ़ा और स्टारडस्ट पुरस्कार फ़िल्म अलादीन के लिए प्रदान किया गया था। इन्होंने अपने कैरियर की अलादीन फ़िल्म से 2009 से की थी जबकि इन्होंने कई सुपर हिट फ़िल्मों में भी कार्य किया है जिसमें सलमान ख़ान के साथ किक (2014 फ़िल्म) ,रॉय जैसी फ़िल्मों में कार्य किया है।



## रिलीज हुआ पटना शुक्ला का ट्रेलर, अब वकील बनकर इंसाफ दिलाएंगी रवीना टंडन




रवीना टंडन एक बार फिर ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. उनकी नई फिल्म पटना शुक्ला का ट्रेलर जारी किया गया है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म हॉटस्टार पर दस्तक देगी. फिल्म में रवीना एक वकील तन्वी शुक्ला की भूमिका निभा रही हैं. फिल्म का ट्रेलर शनादार है. ट्रेलर में एक ऐसे वकील की कहानी दिखाई गई है, जो अभी तक खुद को साबित नहीं कर पाई है. ट्रेलर में देखने को मिलता है कि तन्वी किचन में अपने पति और उनके दोस्तों के लिए पकौड़े तल रही है. तभी उनका पति अपने दोस्तों के साथ तन्वी का मजाक उड़ाते हुए कहता है कि छोटे मोटे केस इसे मिल जाते हैं, लेकिन मेरी पत्नी एफिडेबिट अच्छा बनाती है. तन्वी को अपने पति की ये बात चुभ जाती है. फिर तन्वी के पास एक लड़की अपना केस लेकर आती है, जो रोल नंबर स्कैम से जुड़ा होता है. तन्वी इस केस को लड़ने के लिए राजी हो जाती है. लेकिन ये केस तन्वी के लिए कई सारी मुसीबतें खड़ी कर देता है. मीडिया पर ये केस बहुत हाइलाइट हो जाता है. तन्वी को धमकियां मिलनी शुरू हो जाती है. उसके पति की नौकरी भी चली जाती है. लेकिन तन्वी हार नहीं मानती है और डटी रहती है. इस केस को जीतने में अपनी पूरा जी-जान लगा देती है. रवीना के अलावा इस फिल्म में अनुष्का कौशिक, जतिन गोस्वामी, चंदन रॉय सान्याल और मानव विज भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे. वहीं दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक भी इस मूवी में नजर आ रहे हैं।

## पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं ने ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दी दस्तक

पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं को 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।बेशक इस फिल्म में उन्होंने एक बार फिर अपनी उम्दा अदाकारी का लोहा मनवाया है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब मैं अटल हूं ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक दे चुकी है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।



फिल्म मैं अटल हूं में पंकज त्रिपाठी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया है। इस फिल्म में अटल बिहारी वाजपेयी की कवि से राजनेता बनने तक की जर्नी को बखूबी से दिखाया गया है। पंकज त्रिपाठी के अलावा इस मूवी में पीयूष मिश्रा, राजा सेवक, दया शंकर पांडे और एकता कौल समेत कई अन्य कलाकार भी नजर आए थे।

मैं अटल हूं का निर्देशन रवि जाधव ने किया है, जिन्होंने 2016 में आई फिल्म बैंजो के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था।

## शाहिद कपूर के साथ प्रेम की शादी बनाएंगे सूरज बड़जात्या डब्बा बंद नहीं हुई फिल्म



मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन!, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्मों के बाद सलमान खान और सूरज बड़जात्या फिल्म प्रेम की शादी लेकर आने वाले थे।हालांकि, सलमान ने कई कारणों से फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में खबर आ रही थी कि बड़जात्या की यह फिल्म डब्बा बंद हो गई है।ताजा खबर यह है कि बड़जात्या फिल्म को एक अन्य अभिनेता के साथ बनाने का मन बना चुके हैं। सलमान के फिल्म से किनारा करने के बाद फिल्म बंद नहीं हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बड़जात्या अब युवा कलाकारों के साथ प्रेम की शादी बनाने की योजना बना रहे हैं। फिल्म के लिए निर्देशक ने शाहिद कपूर से संपर्क किया है।सूत्र ने कहा, बड़जात्या अब स्क्रिप्ट में बदलाव कर रहे हैं और उन्होंने मुख्य किरदार की उम्र कम कर दी है। सलमान के फिल्म छोड़ने के बाद उन्होंने तुरंत शाहिद से संपर्क किया।

सूत्र ने यह भी खुलासा किया कि शाहिद और बड़जात्या अभी तक कई बार मिल चुके हैं।दोनों के बीच मुलाकातों के ये सिलसिले बात बनने की ओर इशारा कर रहे हैं।

सूत्र के अनुसार, बड़जात्या को उम्मीद है कि वह शाहिद को प्रेम की शादी में शामिल कर लेंगे।इतना ही नहीं शाहिद ने भी अपनी रुचि दिखाई है, लेकिन उन्होंने अभी तक प्रोजेक्ट को अपनी अंतिम मंजूरी नहीं दी है।

बता दें, शाहिद और बड़जात्या इससे पहले साथ में फिल्म विवाह बना चुके हैं। यह फिल्म साल 2006 में रिलीज हुई थी, जिसमें शाहिद और अमृता राव मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में शाहिद ने प्रेम का किरदार निभाया था।

## खेल




श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे वनडे में 3 विकेट से हरा दिया। चट्टोग्राम में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 286 रन बनाए। श्रीलंका ने 47.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। श्रीलंका से ओपनर पथुम निसांका ने 114 रन बनाए और अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचाया। दूसरे वनडे में जीत के साथ श्रीलंका ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे 18 मार्च को चट्टोग्राम में ही खेला जाएगा।

# श्रीलंका ने 3 विकेट से जीता दूसरा वनडे

बांग्लादेश के खिलाफ पथुम निसांका का शतक; सीरीज 1-1 से बराबर, डिसाइडर 18 मार्च को

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब, लिट्टन पहले ओवर में आउट

जहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही, टीम ने पहले ही ओवर में लिट्टन दास का विकेट गंवा दिया। लिट्टन खाता भी नहीं खोल सके। उनके बाद सौम्य सरकार और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टीम को 50 रन के पार पहुंचाया। शांतो 40 रन बनाकर आउट हुए और उनकी सौम्य के साथ 75 रन की पार्टनरशिप टूटी। सरकार ने फिर तौहीद हृदॉय के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। वह 68 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी टूटी। 130 रन के स्कोर पर 3 विकेट गिरने के बाद हृदॉय एक एंड पर टिक गए। उनके सामने मुशफिकुर रहीम 25, मेहदी हसन मिराज 12 और तंजिम हसन साकिब 18 रन बनाकर आउट हो गए। तस्कीन अहमद 10 बॉल में 18 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। उनके सामने हृदॉय ने 102 बॉल पर 96 रन बनाए। उन्होंने पारी में 3 चौके और 5 सिक्स लगाए। टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 286 रन बनाए।




### हसरंगा को 4 विकेट

श्रीलंका के लिए लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा ने 10 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट झटके। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। वह 6.4 ओवर ही गेंदबाजी कर सके, उन्हें 7वें ओवर में बॉलिंग करने में दिक्कत हुई, जिस कारण जनिथ लियानागे ने उनका ओवर कम्प्लीट किया। श्रीलंका से एक सफलता प्रमोद मदुशन को भी मिली।

### श्रीलंका की भी शुरुआत खराब

287 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की भी शुरुआत खराब रही। ओपनर अविष्का फर्नांडो खाता खोले बगैर पहले ही ओवर में आउट हो गए। उनके बाद कप्तान कुसल मेंडिस 16 और सदीरा समरविक्रमा भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम ने 43 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए। पहले पावरप्ले में 3 विकेट गंवाने के बाद ओपनर पथुम निसांका और चरिथ असलंका ने संभलकर बैटिंग की। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

### एक नजर

## वर्ल्डकप फाइनल की पिच बदलना भारत को भारी पड़ा- कैफ

धीमी पिच पर कमिंस ने बॉलिंग चुनी तो इंडिया अपने जाल में फंस गई



टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा कि भारत को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में पिच से छेड़छाड़ करने का नुकसान झेलना पड़ा। टीम अपने ही प्लान में फंस गई और पहले बैटिंग करते हुए बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि पैट कमिंस ने पहले मैच की गलती से सीख ली और टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। 19 नवंबर 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप का फाइनल खेला गया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 240 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

### अपने ही प्लान में फंस गई टीम इंडिया

कैफ ने लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में कहा, %मैं वहां 3 दिन तक था। रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने भी 3 दिन तक हर दिन पिच इंस्पेक्ट की। दोनों करीब एक घंटे तक पिच के पास ही खड़े रहते थे। मैंने पिच को अपना रंग बदलते हुए देखा। पिच पर पानी नहीं डाला जा रहा था, ट्रैक पर घास भी नहीं थी।

## वर्ल्डकप से पहले जावेद श्रीलंका के तेज गेंदबाजी कोच

2009 में पाकिस्तान को वर्ल्ड चैंपियन बनाया, 1992 में विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रहे

जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को टीम का तेज गेंदबाज कोच बनाया है। क्रिकेट श्रीलंका ने एक प्रेस रिलीज जारी कर ये जानकारी दी। जावेद ने 163 वनडे और 22 टेस्ट खेले थे और 1992 में वर्ल्ड कप जीतने वाली पाकिस्तान टीम के सदस्य भी रहे थे। जावेद पाकिस्तान और U UAE के साथ भी काम कर चुके हैं। वह पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच रहे हैं। 2009 में जब पाकिस्तान ने इंग्लैंड में टी-20 वर्ल्ड कप जीता था, तब आकिब ही टीम के बॉलिंग कोच थे। उसके अलावा वह UAE के कोच भी रह चुके हैं और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के साथ भी काम किया है। UAE में उनके कार्यकाल के दौरान, टीम ने वनडे और इंटरनेशनल टी-20 खेलने का दर्जा हासिल किया था। 2015 में ICC पुरुष वनडे वर्ल्ड कप में जगह बनाई थी और 2014 में ICC मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के क्वालीफायर में भी हिस्सा लिया था।



लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन का सेमीफाइनल हारे

## इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने 21-12, 10-21, 21-15 से हराया




भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला हार गए हैं। उन्हें इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने तीन गेम तक चले मुकाबले में 21-12, 10-21, 21-15 से हराया। लक्ष्य की हार के साथ ही टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। लक्ष्य सेन 2 साल पहले इस टूर्नामेंट का फाइनल हार गए थे। उन्हें विक्टर ऐक्सलसन ने 21-10, 21-15 से हराया था।

### वापसी के बाद मैच नहीं बचा सके लक्ष्य

एक घंटा 22 मिनट तक चले मुकाबले में लक्ष्य सेन पहला ही गेम 21-10 से गंवा बैठे और मैच में 0-1 से पिछड़ गए। भारतीय शटलर ने दूसरे गेम को 21-10 से जीतते हुए जोरदार वापसी की। लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में 21-14 से हार गए।

### 125 साल पुराना है टूर्नामेंट का इतिहास, भारत को 22 साल से खिताब का इंतजार

125 साल पुराने इस टूर्नामेंट में भारत को पिछले 23 साल से खिताब का इंतजार है। आखिरी टाइटल फुलेला गोपीचंद ने 2001 में जीता था।

गोपीचंद से पहले प्रकाश पादुकोण ने साल 1980 में पहली बार जीता था। हालांकि पीवी सिंधु साल 2015 और लक्ष्य सेन साल 2022 में टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंच चुके हैं, लेकिन जीत नहीं सके।

## गावसकर बोले- रणजी प्लेयर्स की फीस 3 गुना बढ़े

एक मैच के मिलते हैं 2.40 लाख; चैंपियन मुंबई ने जीती 5 करोड़ प्राइज मनी

पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को रणजी मैच की फीस बढ़ाने का सुझाव दिया है। गावस्कर ने शुक्रवार को अपने फाउंडेशन चैंप्स की 25वीं वर्षगांव पर BCCI की टेस्ट क्रिकेट इंसेंटिव स्कीम की तारीफ की। इस स्कीम के तह टेस्ट खिलाड़ियों को एक टेस्ट मैच के लिए 45 लाख रुपए तक मिल सकते हैं। गावस्कर ने कहा कि BCCI को रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लेने वाले क्रिकेटरों की फीस तीन गुना करने की कोशिश करनी चाहिए। इससे जो खिलाड़ी अलग-अलग कारण बताकर रणजी ट्रॉफी में खेलने से किनारा करते हैं, वो ऐसा करना बंद कर देंगे। गावस्कर ने बीसीसीआई से रणजी ट्रॉफी का शेड्यूल बदलने को भी कहा। गावस्कर ने कहा कि अभी वाइट बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट पहले होते हैं और उसके बाद रणजी मैच होते हैं। बोर्ड को अक्टूबर से दिसंबर तक रणजी ट्रॉफी आयोजित करना चाहिए।




### BCCI ने टेस्ट मैच बढ़ाने का किया था ऐलान

हाल ही में BCCI ने टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने का ऐलान किया था। सीजन के 75% मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को एक टेस्ट खेलने के 45 लाख रुपए, वहीं 50% से 74% खेलने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख रुपए मिलेंगे। पिछले साल, बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी थी। हालांकि, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) की घोषणा के बाद मुंबई को अतिरिक्त 5 करोड़ रुपये मिलेंगे।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# रायगढ़ लोकसभा में 7 मई को होगा चुनाव

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली प्रेसवार्ता, जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**लोकसभा चुनाव का ऐलान होने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। रायगढ़ संसदीय सीट पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। चुनावी तारीखों की घोषणा होते ही जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी गईं हैं।**





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने प्रेसवार्ता कर निर्वाचन की तैयारियों और गाइडलाइन की जानकारी दी। इस दौरान जशपुर एसपी शशि मोहन सिंह, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, प्रदीप कुमार साहू व अन्य पुलिस अधिकारियों सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक के पत्रकार उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने बताया कि जशपुर जिला रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आता है। इस संसदीय सीट पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। जिसके लिए 12 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल निर्धारित है तथा 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसी प्रकार नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की गई है। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र होने से नामांकन संबंधी सारी प्रकिया रायगढ़ में होगी। जशपुर जिले में लोकसभा चुनाव का मतदान 7 मई को होगा। जिसका मतगणना 4 जून 2024 को होगी। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह बताया कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह चौकन्ना है। चुनाव के कार्यक्रम जारी होने के साथ ही जिले में लागू आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने को लेकर पुलिस विभाग द्वारा पूरी तैयारी है। पुलिस अधिकारियों को कार्ययोजना के मुताबिक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जानकारी देते के लिए अभियान भी चलाया जाएगा। सोशल मीडिया की निगरानी के साथ ही कानून.व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी होगी। कार्ययोजना के मुताबिक मतदान के दिन बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बूथों पर पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा। साथ ही स्टेटिक सर्विलांस और फ्लाइंग स्क्रायड की टीम भी भ्रमण करती रहेंगी।

एक नजर

लोकसभा निर्वाचन 2024

### जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र हेतु सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों को समय-समय पर निर्वाचन प्रचार-प्रसार हेतु रैली, वाहन, हैलीपेड तथा अन्य सभा के आयोजन की अनुमति दिये जाने हेतु सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12.जशपुर, 13.कुनकुरी एवं 14-पत्थलगांव को उनके विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत के लिए अधिकृत किया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अनुमति देते समय भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं कोलाहल पर प्रतिबंध

ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु सक्षम प्राधिकारी से लेना होगा अनुमति

अनुमति प्रदान करने हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादन के लिए कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 04 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए चलित वाहनों आदि में लाउडस्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम् प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। सामान्यतः आमसभा, प्रचार, जुलुस, वाहन इत्यादि के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा सकतो। कलेक्टर ने अनुमति प्रदान करने हेतु जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, बगीचा एवं फ रसाबहार अनुभाग क्षेत्र के अंतर्गत् आने वाले समस्त क्षेत्र हेतु संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किए हैं।

लोकसभा निर्वाचन 2024

### निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव हेतु जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

कलेक्टर ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा की जा चुकी है एवं आयोग द्वारा आगामी निर्वाचन के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपादित करने के उद्देश्य से सभी राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं शासकीय सेवकों के लिये आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। जशपुर जिला में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपादित करने के लिए सभी राजनीतिक दलोंए अभ्यर्थियों एवं शासकीय सेवकों के लिये आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने आदेश जारी कर दिया है।

कलेक्टर ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है, ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन का कार्य सम्पन्न किया जा सके और चूंकि निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी हैए अतः दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा.144 ;1, एए 144 ;2, में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये जशपुर जिले के अंदर सभी राजनीतिक दलों से संबंद्ध व्यक्तियों, समस्त अभ्यर्थियों एवं समस्त शासकीय सेवकों को निर्वाचन आदर्श संहिता का पालन करने का आदेश देती हूं।

लोकसभा निर्वाचन 2024

### शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

7 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 सम्पन्न होने जा रहा है तथा निर्वाचन संबंधी सारी प्रारंभिक तैयारियां प्रक्रियां, प्रारंभ हो रही है अतएव जिले में लोक परिशांति बनाए रखना आवश्यक प्रतीत होता है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक जशपुर के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए जिला दण्डाधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा.144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया है। जशपुर राजस्व जिला के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक शस्त्र, यथा बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाएं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य के लागू नहीं सम्पादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी होगा जिन्हें निर्वाचन-मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण लाठी रखना आवश्यक है। जशपुर राजस्व जिला अंतर्गत विनिर्दिष्ट मतदान केन्द्र, मतगणना स्थल, तहसील ब्लॉक अनुविभागीय अधिकारी रा. कार्यालय के परिसर के बाहर न तो भीड़ होगी न धरना दिया जावेगा और न ही नारेबाजी की जावेगी। जशपुर राजस्व जिला अंतर्गत कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आम सभा जुलूस आयोजित करने के पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना कानून व्यवस्था से जुड़े संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी-तहसीलदार को देगा। तथा विधिवत लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही संबंधित राजनैतिक दल, व्यक्ति आमसभा, जुलूस का अयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल या व्यक्ति जशपुर राजस्व जिला अंतर्गत किसी भी धार्मिक संस्थान या उसके आस-पास न तो आमसभा का आयोजन करेगा। न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा और न ही धार्मिक स्थानों का आमसभा, जुलूस के लिए उपयोग करेगा। जशपुर राजस्व जिले में किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी.तहसीलदार की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किसी प्रकार के नारेबाजी, प्रचार-प्रसार एवं व्यक्तव्य का उद्घोष में नहीं करेगा। इस आदेश का उल्लंघन यदि किसी व्यक्ति द्वारा किया जाना पाया जायेगा तो यह भादंवि की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश 06 जून 2024 तक सम्पूर्ण जशपुर राजस्व जिले में प्रभावशील रहेगा।

लोकसभा निर्वाचन 2024

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने शस्त्र लायसेंस धारियों को आग्नेय अस्त्र-शस्त्र जमा करने हेतु किया आदेश जारी

शस्त्र लायसेंस धारियों को समीपस्थ पुलिस थाने में जमा करना होगा आग्नेय अस्त्र-शस्त्र

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आगामी लोकभा निर्वाचन हेतु कार्यक्रम की घोषणा एवं आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होने के फ्लस्वरूप कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने आदेश जारी कर निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए जशपुर जिला क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करने कहा है, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन अस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके। आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा 3 के उप क्लाज बी, धारा 21 के तहत् जशपुर जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित किया गया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में सात दिवस के अंदर जमा करना सुनिश्चित करें। इनके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र जशपुर नगर के शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट का अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा कर सकते है, जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे। संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदो पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफ ल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति, जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट, वाचक शाखा जशपुर के कक्ष क. 5 में लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। इस कंडिका में उल्लेखित वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। 16 मार्च 2024 से निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति तक के लिए जशपुर जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए गए हैं। संबंधित थाना प्रभारी एवं संबंधित शस्त्र डीलर यह सुनिश्चित करेंगे की इस तरह जमा किये जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये जाने वाले शस्त्रों का इंदाज करेंगे और शस्त्र जमा करने वालों को इस संबंध में पावती देंगे। जमा कराये गये शस्त्रों को समुचित रूप से अपने अभिरक्षा में सुरक्षित रखेंगे एवं निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र लौटाना सुनिश्चित करेंगे।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 : जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

**कोरबा** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने अपने कलेक्टर कक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक लेकर निर्वाचन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वसंत ने बताया कि छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में निर्वाचन होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन हेतु अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल 2024, नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नामांकन की स्क्रूटनी 20 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतदान की तिथि 07 मई एवं मतगणना की तिथि 04 जून 2024 निर्धारित है। लोकसभा निर्वाचन 04 कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 04 जिलों के 08 विधानसभा आते हैं। जिनमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के दो विधानसभा, भरतपुर व मनेन्द्रगढ़, कोरबा जिले के बैकुण्ठपुर, कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार विधानसभा एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का मरवाही विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन हेतु जिले के दो विधानसभा कटघोरा एवं पाली-तानाखार के मतदान केंद्रों के लिए ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण एवं जमा का कार्य कटघोरा के मुकुटधर पाण्डेय शासकीय महाविद्यालय में किया जाएगा। शेष विधानसभा के लिए चुनाव सामग्री का वितरण स्ट्रांग रूम आईटी कोरबा से किया जाएगा। साथ ही लोकसभा निर्वाचन के दौरान कोरबा विधानसभा में मतदान का कार्य पूर्णतः महिला अधिकारियों द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

लोकसभा क्षेत्र कोरबा में मतदाताओं की कुल संख्या 16,14,885, जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों को बताया कि 16 मार्च 2024 की स्थिति में कोरबा लोकसभा में मतदाताओं की कुल संख्या 16 लाख 14 हजार 885 है। उन्होंने बताया कि कोरबा जिले के चारों विधानसभा अंतर्गत कुल 1080 मतदान केंद्र एवं मतदाताओं की कुल संख्या 9 लाख 34 हजार 278 है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया राजनीतिक दलों की बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ अजजा हेतु लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन की तिथि, मतदान केंद्रों, निर्वाचक नामावलीएनाम निर्देशन व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, आदर्श आचार संहिता के बिंदु, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, एमसीएमसी के तहत विज्ञापन का प्रमाणन सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित राजनीतिक दल बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



लोकसभा निर्वाचन 2024

## राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के संपत्ति विरूपण निवारण हेतु गठित की जाएगी टीम

### संपत्ति विरूपण के संदर्भ में कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारत निर्वाचन आयोगए नई दिल्ली के द्वारा 16 मार्च 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये शासकीय, अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से सम्बन्धित झंडिया लगाई जाती है, जिसके कारण शासकीय, अशासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधानानुसार कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा। वह जुर्माने से जो एक हजार रूपया तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसारए संपत्ति विरूपण के संदर्भ में राज्य में प्रचलित विधि के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने निर्देश किया है जिसके तहत् छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्यवाही जाएगी। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा शासकीय एवं अशासकीय भवनों की दीवारो पर किसी भी प्रकार के नारे लिख कर विकृत किया जाता है। तो ऐसे कृत्यों के निवारण के लिये एक टीम तत्काल प्रभाव से गठित की जाये। टीम में नगरीय निकाय नगर पालिका परिषद्, नगर पंचायत, लोक निर्माण विभाग तथा राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मिलित किया जाये। आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में टीम गठित कर जिला निर्वाचन कार्यालय जशपुर को अवगत करावे। टीम गठित करने का कार्य नगर पालिका परिषद्, नगर पंचायत क्षेत्र में मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं शेष क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किया जाये। टीम सघन भ्रमण कर विरूपित संपत्ति को, संपत्ति विरूपण करने वाले के व्यय पर पूर्व स्वरूप में लाएगी तथा टीम द्वारा संपत्ति विरूपण करने वाले तत्वों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत एफ आईआर दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी राजनैतिक दल या चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा किसी निजी संपत्ति को बिना उसके स्वामी की लिखित सहमति के विरूपित किया जाता है तो, निजी संपत्ति के स्वामी द्वारा संबंधित थाने में सूचना दर्ज कराने के बाद गठित टीम निजी संपत्ति को विरूपित होने से बचाने की कार्यवाही करेगा।

एवं सम्बंधित थाना प्रभारी द्वारा प्रदत्त सूचना रिपोर्ट पर विधिवत जांच कर सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। इसी प्रकार किसी धार्मिक स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार.प्रसार के लिये नहीं किया जायेगा। थाना प्रभारी द्वारा संपत्ति विरूपण से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल एफ आईआर दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की जायेगी। सम्बन्धित टीम शिकायत या उन्हे प्राप्त संपत्ति विरूपण के प्रकरणों को पृथक पंजी में दर्ज करेगी एवं विरूपित संपत्ति की फोटोग्राफी.विडियोग्राफी करायेगी।

### मानवता सतनाम सेवा समिति 8 वर्षों से कर रही सेवा

# कैलाशगढ़ में तीन दिवसीय निःशुल्क भोजन भंडारे का सफल आयोजन

बलौदाबाजार–जोहार छत्तीसगढ़।

**सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जन्मभूमि और तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में तीन दिवसीय गुरु दर्शन मेला इस साल 2024 में 14 मार्च से 16 मार्च तक आयोजित किया गया। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा जी के दर्शन करने पहुचें।**





इसी दौरान कैलाशगढ़ में मानवता सतनाम सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांती आयोजित सतनाम प्रसादी भंडारा का शुभारंभ धर्मगुरु सौरभ साहेब जी के कर कमलो द्वारा आयोजन स्थल के जैतखाम में पालो चढ़ाकर 14 मार्च को किया गया था जो की तीन दिवस तक गिरौदपुरी दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराते हुए 16 मार्च को लगातार अपना शानदार 8वां वर्ष पूरा किया। बताते चले की सतनाम पंथ में भक्ति व आस्था का एक अलग उत्साह देखा जाता है जहां पर अनेकों श्रद्धांलुगण लम्बी दुरी नंगे पैर पैदल चलकर,भुइय्या नापते हुए, अपनी अपनी मनोकामनाओं को लेकर लाखों की संख्या में दर्शन करने पहुंचते है। मेला के दौरान देश व पुरे प्रदेश के लोग गांव व शहर में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित करते है। प्रदेश के चारों ओर कई जगह सतनाम भजन पंथी सहित भंडारे का भी आयोजन होता है। इसी तारतम्य में सतनाम मानवता सेवा समिति कैलाशगढ़ द्वारा भी विगत 8 वर्षो से लगातार वृहत भोजन भंडारा का सफल आयोजन किया जा रहा है जिसमें गिरौदपूरी मेला आने जाने वाले लाखों श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करते है तथा विश्राम कर आगे बढ़ते है। कैलाशगढ़ समिति लगातार तीन दिन चौबीसों घंटे भोजन प्रसादी वितरण करते हैं। जिसमें आस पास के सतनामी समाज के लोग अपने तन मन धन से बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। तीनों दिवस सतनाम भजन,पंथी गीत संगीत का भी आयोजन होता है और इसी कारण यहां का माहौल भक्तिमय बना रहता है और एक तीर्थ की भांती प्रतीत होता है। समिति के अध्यक्ष कलशराम महिलांग ने बताया की वर्ष 2016 में हमने आस पास गांव के सामाजिक लोगों से चर्चा करके गिरौदपूरी दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन भंडारे की शुरुवात किये थे जिसमें सभी सामाजिक बन्धुओं दानदाताओं क्षेत्र के ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ और लगातार 8वां वर्ष का सफ ल आयोजन संपन्न हुआ है। समिति के सदस्य शैल कुमार भारद्वाज ने बताया कि वर्तमान में हमारे यहां के सतनाम भोजन भंडारे के आयोजन स्थल प्रदेशभर के हजारों श्रद्धांलुओं के मन में इस कदर बस गया है कि वें सभी प्रतिवर्ष मेले के दौरान यहां अवश्य रुकते है और प्रसादी ग्रहण कर आगे बढ़ते हैं। और इस दौरान यहां का माहौल भक्तिभाव से सराबोर हो जाता है तथा एक तरह से मेले का स्वरुप ले लेता है। समिति के सचिव अमरदास बंजारे ने भोजन भंडारा का आयोजन आगे भी निरंतर जारी रहने की बात कहते हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सामाजिक बन्धुओं, दानदाताओं, ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आगे भी सहयोग व मार्गदर्शन आशीर्वाद बनाये रखने की अपील की। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष कलशराम महिलांग, उपाध्यक्ष चंदू लाल घृतलहरे,सचिव अमरदास बंजारे, सहसचिव पंडित कृष्णा महिलांगे, मुंगेलाल मारकंडे,उबारन कुर्रे, रामनारायण भारद्वाज,डोमार डहरिया,रूपेंद्र खुटे, मनकोजी गायकवाड़,पतंगा बांधे,लेखराम गनहरे तुलसी बंजारे,शैलकुमार भारद्वाज,बिसौहा गायकवाड़, आत्मादास बांधे, खम्भन कठियार, देवप्रकाश मिरि,नरेश कोशले, सरपंच बंशी चेलक, राजकुमार राठी एकाशी टंडन, सुखचंद कठौत्रे,हरिराम भारद्वाज,तीजराम बांधे, विनोद कुमार, रामचरण निराला,गणपत बघेल, रामदास धीरहे,चरण चतुर्वेदी, जहूर मिरि, गणेश महिलांग,सोनचंद मिरि गणेश राम पंकज सहित ग्राम धाराशिव कैलासगढ़,सलोनी, धौराभाटा, दतान खैरा, मुड़ियाडीह,खैरी,बनगबौद,बगबुड़ा खैन्दा इत्यादि ग्रामवासियों ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

### एक नजर

## संपत्ति के विरूपण रोकने अधिकारियों को निर्देश

**कोरबा** । जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा किये जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, इस दृष्टिकोंण से यह सुनिश्चित किया जावे कि जिले में किसी संपत्ति का विरूपण न हो। यदि कोई संपत्ति विरूपित करता है तो तत्काल समक्ष में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने व विरूपण हटाने की कार्यवाही करें। यदि आपके अधीनस्थ किसी संपत्ति विरूपित पाई जाती है और आपके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो यह समझा जावेगा कि सार्वजनिक संपत्ति विरूपण में संबंधित अधिकारी की अपराधिक सहभागिता है तथा आपके विरूद्ध तद्नुसार कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने आदर्श आचार संहिता अवधि तक निम्न कार्यवाही के निर्देश दिए हैं–

शासकीय सम्पत्ति का विरूपण– इस उद्देश्य के लिए सभी सरकारी कार्यालय और उन परिसरों के जिसमें कार्यालय भवन स्थित है, के सभी दीवार लेखन, पोस्टर / स्टीकर्स, कटआउट / होर्डिंग्स, बैनर, झंडे या किसी अन्य रूप में विरूपण आदि को चुनाव की घोषणा के 24 घंटे के अंदर हटा दिया जाना सुनिश्चित करें।

सार्वजनिक सम्पत्ति का विरूपण और सार्वजनिक स्थान का दुरूपयोग – सभी सार्वजनिक स्थलों, जिनमें रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसें, बिजली / टेलीफोन के खंभे, नगर पालिका / स्थानीय निकायों के भवन आदि सम्मिलित हैं, से अनाधिकृत राजनैतिक विज्ञापन, दीवार लेखन/पोस्टर/ स्टीकर्स, कटआउट / होर्डिंग्स, बैनर, झंडे आदि चुनाव की घोषणा के 48 घंटे के अंदर हटा दिया जाना सुनिश्चित करें।

निजी सम्पत्ति का विरूपण – निजी सम्पत्तियों पर, स्थानीय विधि और अदालत के निर्देशों के अधीन रहते हुए प्रदर्शित किए गए सभी अनधिकृत राजनैतिक विज्ञापन को आयोग द्वारा चुनाव की घोषण के 72 घंटे के भीतर हटाया जाना सुनिश्चित करें।

4. सरकारी खर्चे पर विज्ञापन – आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव के दौरान सरकारी खर्चे पर समाचार पत्रों/अन्य किसी मीडिया एवं आधिकारिक मीडिया का दुरूपयोग राजनैतिक समाचारों के पक्षपातपूर्ण प्रकाशन / प्रसारण या सरकार के उपलब्धियों के प्रचार के लिये नहीं किया जायेगा। सरकार की उपलब्धियों को दर्शित करते हुए इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया में विज्ञापन जारी नहीं किये जायेंगे। सरकारी खर्चे पर यदि कोई विज्ञापन पहले कही जारी किया जा चुका है, तो प्रिंट मीडिया या इलेक्ट्रानिक मीडिया में इसका प्रसारण या प्रकाशन तत्काल बंद कर दिया जायेगा और ऐसा कोई विज्ञापन घोषणा तिथि से समाचार पत्र–पत्रिका में नहीं किया जाएगा।

## लोक सभा निर्वाचन 2024 : जिले में धारा 144 लागू

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं भयमुक्त वातावरण में मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने के दृष्टिगत जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा अस्त्र–शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया में असामाजिक तत्वों द्वारा भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा खड़ी न की जा सके तथा मतदाताओं में किसी भी प्रकार का भय पैदा न हो एवं वे भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने एक आदेश जारी कर 16 मार्च 2024 से जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र–शस्त्र, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरी, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकरा, सांग एव बल्लम अथवा अन्य अस्त्र शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा।

## शस्त्र लायसेंस निलंबित

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम की घोषणा कर निर्वाचन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने, आम शांति व्यवस्था कायम रखे जाने एवं लोक शांति की सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिले में शस्त्रों के सभी अनुज्ञप्ति धारियों के अनुज्ञप्ति निर्वाचन कार्य समाप्ति तक के लिए आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(ख) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत निलंबित कर दिया गया है। जिले में शस्त्रों के सभी अनुज्ञप्ति धारियों को एतद् द्वारा इत्तिला दी गई है।

### लोकसभा निर्वाचन 2024

## निर्वाचन के कार्यों को समय-सीमा में संपादित करें नोडल अधिकारी

### कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने ली समीक्षा बैठक

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन के कार्य को टीम भावना के साथ संपादित करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर फील्ड पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्युटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी, स्वीप नोडल अधिकारी, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर–पेपर, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन आदि के नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कोरबा जिले में लोकसभा निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक तैयारी के निर्देश देते हुए सेक्टर अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाम–निर्देशन के लिए आवश्यक तैयारी करने के साथ ही निर्वाचन से संबंधित कार्यों को भी समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने वाहन व्यवस्था, वीडियोग्राफी करने, मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों को लाने ले जाने, डाकमत पत्र सेवा निर्वाचकों व मतदानकर्मियों को समय सीमा में प्रशिक्षण देने, निर्वाचन से संबंधित कार्य के लिए ड्यूटी लगाने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का रेंडमाइजेशन करने, वीवीपैट के अभिलेखों का संधारण करने, मतदान दलों को प्रशिक्षण देने, मतदान सामग्री वितरण करने, प्रशिक्षण देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

# बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू ने महामाया मंदिर पहुंचकर माथा टेका

### कार्यकर्ताओं की बैठक में सम्मिलित हुए

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।



भारतीय जनता पार्टी के बिलासपुर लोकसभा के प्रत्याशी तोखन साहू मां महामाया मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे जहां पर कार्यकर्ताओं ने महामाया चौक पर उनका आतिसी स्वागत किया और महामाया चौक से कार्यकर्ताओं के साथ गाजे बाजे के साथ महामाया मंदिर पहुंचे जहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां महामाया का आशीर्वाद लिया और अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की महामाया मंदिर दर्शन करने के बाद महामाया धर्मशाला में आयोजित रतनपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की जहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया और उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाते हुए मोदी की गारंटी की गुड़गान की और कहां की इस बार मोदी सरकार, अब के बार 400 पार नारे के साथ सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव के कार्यों में तन मन धन से जुट जाने को कहा उन्होंने कहा कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है जिसके लिए सभी कार्यकर्ता अपने कार्यों में जुट जाएं और एक–एक कार्यकर्ता अपने आप को प्रत्याशी समझ कर कार्य करें और छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीट पर कमल खिलाकर, मोदी की झोली में डालने का काम करे इस बैठक में प्रमुख रूप से हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य लव कुश कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, उपाध्यक्ष कन्हैया यादव, मंडल अध्यक्ष तीरिथ यादव, मंडल महामंत्री दवय रोहिणी बैशवाडे, संतोष तिवारी, बबलू कश्यप, राकेश तिवारी, सुरेश सोनी, डॉ. सुनील जायसवाल,पवन पाठक,वासित अली,ज्वाला कौशिक,राजू मानिकपुरी नीतू सिंह,सविता ढीमर,सावित्री रात्रे,राजकुमारी बिसेन,उषा चौहान, सरिता कमल सेन,इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध शराब बेचने वाले कोचिये पर प्रहार थाना प्रभारी के नेतृत्व में लगातार की जा रही नशे के विरूद्ध कार्यवाही



जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

6 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह भापुसे के द्वारा जिले में नशे के व्यापारियों पर अंकुश लगाने,प्रहार अभियान के तहत लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण,अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा नुपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु भापुसे अजय कुमार थाना प्रभारी रतनपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर तैनात कर 16 मार्च 2024 को मुखबीर सूचना पर ग्राम गिरजाबंद नवागांव में जागेन्द्र साहू के घर रेड कार्यवाही किया जहां उक्त व्यक्ति के घर के बाड़ी से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती करीबन 900 रूपये रखे मिला। जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु भापुसे अजय कुमार थाना प्रभारी रतनपुर, प्र.आर. विकास सेंगर, आर.दीपक मरावी, का विशेष योगदान रहा। गिरफ्तार आरोपी जागेन्द्र साहू पिता ईतवारी साहू निवासी गिरजाबंद नवागांव थाना रतनपुर जिला बिलासपुर।


# रिपर फार्मेसी महाविद्यालय सरोना ने शॉर्ट अटेंडेंस के नाम पर छात्रा से की उगाही

### छात्रा ने पैसा जमा करने व रसीद नहीं देने पर कॉलेज प्रबंधन और अकाउंटेंट के खिलाफ एफआईआर करने लिखित शिकायत किये

जोहार छत्तीसगढ़–रायपुर।




छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का मामला है जहां पर इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन आईपीए को शिकायत प्राप्त हुई उसके अनुसार रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च कॉलेज सरोना ने शोर्ट अटेंडेंस विद्यार्थियों से महाविद्यालय ने परीक्षा में बैठने के लिए 50 हजार रुपए ले लिए जिसका कोई रसीद नहीं दिया और अब मार्कशीट एवम ट्रेनिंग फार्म देने के लिए 30 हजार रुपए और मांग रहे। कुछ समय पूर्व छात्रा के पति गुजर गये। जिसके कारण आर्थिक स्थिति बिगड़ गई। छात्रा के द्वारा कॉलेज की फीस जमा करने कई बार निवेदन किया ताकि वह ट्रेनिंग पूरी करके मार्कशीट हासिल कर सके लेकिन शोर्ट अटेंडेंस के आड़ में रुपये की मांग पर प्रबंधन अड़ा रहा। कुछ समय पूर्व इसी महाविद्यालय के विद्यार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व ऐडमिट कार्ड नहीं दिया जा रहा था और उसके बदले 50 हजार रुपए से लेकर 80 हजार रुपए वसूले जा रहे थे तब आईपीए की पहल पर 13 विद्यार्थियों को ऐडमिट कार्ड दिलवा कर परीक्षा दिलवाया गया। रिपर फार्मेसी कॉलेज के पास पर्याप्त फैकल्टी नहीं है और न ही गुणवत्ता पूर्ण लैब है महाविद्यालय जिस बिल्डिंग में संचालित है वह भी निर्माणाधीन हॉस्पिटल बिल्डिंग है जिसकी न तो अग्निशमन विभाग से एनओसी है और न ही नगर निवेश विभाग से महाविद्यालय के नाम से नक्सा पास है। फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया एवम छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय दोनों संस्थाओं ने उक्त महाविद्यालय को मान्यता दे दी है। महाविद्यालय जो संस्था संचालित करती है उसकी चेयरमैन आशा सिंह है जो कि फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व ईआरसी चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह की माता है और संकल्प हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह जी की भी माता है इतने बड़े बड़े लोगों से जुड़ा होने के कारण महाविद्यालय को मान्यता प्राप्त करने में कठिनाई नहीं हुई होगी यह अनुमान लगाया जा सकता है लेकिन असली वजह क्या है जो इस प्रकार के महाविद्यालय पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हुई यह विश्वविद्यालय और पीसीआई ही बता सकता है। अब सोचने वाली बात यह है कि इस प्रकार नियमों को अनदेखी करते हुए आखिर किसके दबाव में आकर इस प्रकार सरकार के जनप्रतिनिधियों के द्वारा संबंधित अधिकारियों के द्वारा कैसे कार्य कर दिया जाता है अब देखते हैं खबर प्रकाशन के बाद क्या एक्शन होता है या कार्यवाही होती है।



प्रति,
श्रीमान थाना प्रभारी
डी. डी. नगर थाना
रायपुर

विषय:– पैसा जमा करने उपरांत रसीद ना देने बाबत।

महोदय,
मैं यशोदा सोनवानी RIPER callage में D. Pharma की छात्रा हूं, मैंने द्वितीय वर्ष [illegible] कर लिया, पर शार्ट अटेंडेंस के नाम पर हम दो बहनों से 80,000/- मांगा गया यदि नहीं दिया गया तो परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा उस दबाव में आकर हमने 50,000/- [illegible] परीक्षा के [illegible] दिन पूर्व, बाकी रुपए जमा किए [illegible] रसीद नहीं दिया जा रहा [illegible] आर्थिक स्थिति [illegible] के कारण उस 50,000/- को ऑफिशियल फीस में रूपांतरित कर शेष फीस जमा करने दोनों बहन का 69,000/- जमा करने आज 16/03/24 callage गई पर फीस लेने से मना कर [illegible] कोई 50,000/- जमा नहीं हुआ है और पूरा फीस जमा करें।
मेरी फीस जमा नहीं हुआ बताकर मुझे ट्रेनिंग फार्म और मार्कशीट प्रदाय नहीं किया गया अतः महोदय से निवेदन है कि मेरी इस समस्या का निराकरण करें।
Name : Yashoda Sonwani
Father Name : G. R. Futan

# प्रशासन और पुलिस ने निकाल फ्लैंग मार्च, कनून का उल्लुधंन करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से हो इसके लिए पुलिस धरमजयगढ़ पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन अभी से कमर कस ली है। लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो एवं कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रहे इसके लिए रेंज आईजी बिलासपुर ने 16 मार्च को एक क्राईम मीटिंग लेकर कर थाना, चौंकी प्रभारियों को शख्त निर्देश दिये थे कि कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें एवं निगरानी बदमाशों पर कड़ी नजर बनाये रखे ताकि किसी प्रकार की कोई आशांति फैला न सकें। आज थाना धरमजयगढ़ क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, चुनाव निष्पक्ष और शांति पूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए धरमजयगढ़ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिद्धांत तिवारी, एसडीएम डीगेश पटेल, तहसीलदार उज्वल पांडेय के साथ धरमजयगढ़ नगर, धरमजयगढ़ कालोनी एवं आसपास के इलाकों में तथा साप्ताहिक बाजार धरमजयगढ़ में फैलेग मार्च निकाला गया।






## एक नजर

### शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक बनाया संबंध, शिकायत पर हुआ गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** निजी संस्थान में काम करने वाली युवती को विवाहित युवक ने शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वह शादी से इन्कार करने लगा। युवती की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है।



कोतवाली थानेदार विजय चौधरी ने बताया कि पीड़ित युवती 2019-20 में क्षेत्र के निजी संस्थान में काम करती थी। इसी दौरान उसकी पहचान रतनपुर बस स्टैंड के पास रहने वाले अमन दास मानिकपुरी (43) से हुई। वह दरबार लाज के पास किराए के मकान में रहकर गोलबाजार स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करता था। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाया। युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वह टालमटोल करने लगा। इसी बीच युवती को पता चला कि युवक पहले से शादीशुदा है। इस पर युवक नेअपनी पहली पत्नी को छोड़कर उससे शादी करने का वादा किया। उसके झांसे में ना आकर युवती ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की। इस पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित युवक को न्यायालय में पेश किया गया है।

### निष्पक्ष, पारदर्शी और शांति पूर्ण चुनाव कराना प्राथमिकताः कलेक्टर

पेड न्यूज,राजनीतिक विज्ञापन सहित सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार की होगी मॉनीटरिंग

**कोरबा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोरबा जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभावशील हो गई है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराना प्राथमिकता रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तिथियों की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में निर्वाचन होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन हेतु अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल 2024, नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नामांकन की स्क्रूटनी 20 अप्रैल, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतदान की तिथि 07 मई एवं मतगणना की तिथि 04 जून 2024 निर्धारित है। आदर्श आचार संहिता अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं जनता सभी के लिए प्रभावी है। आदर्श आचरण संहिता के दौरान रात्रि 09 बजे से सुबह 06 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों को प्रतिबंधित किया गया है। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित किए गए हैं। पूर्व में जारी किए शस्त्रों के लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। आदर्श आचारसंहिता लागू होते ही 24 घंटे के अंदर शासकीय संपत्ति पर, 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक संपत्ति पर और 72 घंटे के भीतर निजी संपत्ति पर सहमति के बिना लगाए गए विज्ञापनों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा श्री अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

## बनोरा में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर के जरिए 102 मरीजों को मिला लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मानव सेवा हेतु समर्पित संस्थान अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 102 मरीजों में जांच का लाभ मिला। लोगो के जीवन में फैले अंधकार को दूर करने हेतु यह संस्थान माह के दो बार नि: शुल्क नेत्र जांच करता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. अग्रवाल द्वारा यह जांच की जाती है। अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र के तहत अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र बनोरा, रायगढ़ में आयोजित इस नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में बनोरा,महापल्ली, सकरबोगा, बेलेरिया, सियारपाली, तरईपाली, कुसमेल,कनकतुरा, बारहद्वारा, विजयपुर, बरगढ़, कोयलंगा, अंगुल, कांदाढ़ोंडा,गोपालपुर, सिरौली, डेहरीडीपा, खरसिया, छुहिपाली, नवापारा, कोशापाली,भाठेंनपाली,जामगांव स्टेशन, तरकेला, नुआपाली,सेमलिया, त्रिभोना, बासेनपाली, लोइंग, रायगढ़ रेणुकूट,बड़गांव,कोलेईबहाल, ब्रजराजनगर,बड़ेकोटकोनी,कारीछापर,बेहरापाली अमलीभौना, लहंगापाली ढुलूंडा, कांटापाली, कोतलिया, मेदनीपुर, गांवों से मरीज आए थे। जिन्हें नेत्र जांच का लाभ मिला। इस शिविर में 32 मरीजों को नि:शुल्क चश्मा वितरित किया गया वही 51 मरीज़ों का चश्मा बनने हेतु भेजा गया है उन्हें अगले नेत्र शिविर में वितरित किया जाएगा। 33 मरीजों को नेत्र सम्बन्धित ड्राप दिया गया। आठ मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए। जिन्हें चिकित्सको द्वारा उचित परामर्श दिया गया। प्रबंधन द्वारा आगामी नेत्र जांच शिविर हेतु 7 अप्रैल 2024 रविवार की जानकारी दी गई है।





छाल पुलिस की अवैध शराब पर कार्यवाही

## आरोपी से 10 लीटर महुआ शराब की जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-कुडेकेला।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब, गांजा, जुआ सट्टा के विरूद्ध अभियान स्तर पर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर 17 मार्च 2024 को थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन बैस के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर छाल पुलिस द्वारा ग्राम गड़ईनबहरी में रामकुमार यादव के घर पर छापेमार कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन बैस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामकुमार राठिया अपने घर बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करता है, रेड कार्यवाही में संदेही रामकुमार राठिया से से पांच नग दो दो लीटर वाली प्लास्टिक बाटल में भरा हुआ कुल 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है।




आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा होना पाए जाने पर थाना छाल में आरोपी रामकुमार यादव पिता सहसराम यादव उम्र 42 साल निवासी गड़ईनबहरी थाना छाल के विरुद्ध धारा 34;2,59;क, आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन बैस, उप निरी,मदन पाटले, सहा. उप. निरी.कैलाश दुबे, आरक्षक गोविंद बनर्जी, हरेंद्रपाल जगत, प्रबंध राठिया, तेजभवन कंवर शामिल थे।

आदर्श आचार संहिता लगने से जिले में दिखने लगा असर

## शहर में लगे राजनीतिक पार्टी व उनके जनप्रतिनिधियों के बैनर, पोस्टर निकालने का काम किया शुरू

**बिलासपुर ।** आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही शनिवार की शाम नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ता ने शहर में लगे राजनीतिक पार्टी व उनके जनप्रतिनिधियों के बैनर, पोस्टर निकालने का काम किया शुरू कर दिया गया है। मालूम हो कि शहर के हर क्षेत्र में राजनीतिक पार्टी के बैनर, पोस्टर से पटे हुए है, जिसे हटाने में समय लग रहा है।



ऐसे में अतिक्रमण टीम को प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए देर शाम तक सक्रिय रहना पड़ा है और जहां भी बैनर-पोस्टर मिलते जा रहे थे, उन्हें हटाने की काम किया जाता रहा है। टीम के मुताबिक बड़े कार्रवाई के बाद भी बड़े पैमाने में बैनर, पोस्टर बचे हुए है, ऐसे में आने वाले दिन में भी इन्हें हटाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे शिलालेख जिसमे राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधियों और नेताओं के नाम अंकित है, उसपर कागज चस्पा करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। शनिवार की दोपहर आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है और अपने काम में जूट गए है। इधर नियमानुसार नगर निगम के महापौर रामशरण यादव और सभापति शेख नजीरुद्दीन ने भी अपने सरकारी वाहन जमा करा दिए हैं।

### पार्टीगत लगी प्रतिमाओं के शिलालेख भी छिपाए

*एक टीम ऐसे पार्टीगत प्रतिमाओं की तलाश कर उसके शिलालेख में कागज चिपकाते रहे हैं, जिसमें राजनीतिक पार्टी व उनके नेताओं के नाम लिखे हुए हैं। ऐसे करीब एक दर्जन से ज्यादा में कागज चस्पा किया गया है। इसी तरह रविवार को भी दीवार में राजनीतिक पार्टी से लिखे हुए स्लोगन आदि को पोतने की कार्रवाई की जाएगी।*

## रायगढ़ जिले में प्रशासन व पुलिस ने सशस्त्र बलों के साथ किया फ्लैग मार्च

तहसीलों में भी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में आम चुनाव कराने का दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आम चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इसके साथ ही जिला प्रशासन व पुलिस अपनी तैयारियों में जुट गई है। प्रशासन व पुलिस पर चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसी के मद्देनजर जिलेवासियों को सुरक्षा का बोध कराने और आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। जिला मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल की अगुवाई में पूरे शहर में सशस्त्र बलों के साथ पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। वहीं जिले के सभी थानाक्षेत्रों में एसडीओपी और थाना प्रभारियों ने स्थानीय प्रशासन के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर रहवासियों को सुरक्षा संदेश दिया गया। चुनाव आयोग के पालन में जिले की सीमाओं में सक्रिय स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी टीम नाकेबंदी कर बाहरी व्यक्तियों के आमद रफत पर पैनी नजर रखे हुए हैं। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।






## अवैध रेत खनन माफियाओं पर लगातार प्रहार थाना व चौकी बेलगेहना की रेत माफिया के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही

रेत से भरे तीन ट्रैक्टर किया जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह भापुसे के द्वारा जिले में अवैध रूप से रेत माफियाओं पर अंकुश लगाते हुए प्रहार अभियान के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिसके परिपालन मे 16 मार्च को पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम चपोरा में अवैध रूप से रेत से भरे तीन ट्रेक्टर परिवहन करते मिले टैक्टर के चालको को रेत परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या रायल्टी पर्ची पेश करने नोटिस दिया गया। कोई दस्तावेज पेश नहीं करने पर अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर क्र. सीजी 10 एजी 7472, ट्रैक्टर क्र.सीजी 10 बीजे 1627 व ट्रैक्टर क्र.सीजी 10 एआर 6081 को जप्त कर धारा 102 जाफौ की कार्यवाही की गई है। सम्पूर्ण कार्यवाही में प्रशिक्षु भापुसे अजय कुमार,निरीक्षक देवेश सिंह राठौर,उपनिरी कमलेश कुमार बंजारे,प्रआर गजेन्द्र सिंह,आरक्षक अविनाश शर्मा,घनश्याम राठौर का सराहनीय योगदान रहा।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in